हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 3 अक्टूबर, 2025



14 भिलाई को इंदौर की तरह स्वच्छ शहर बनाने बीएसपी करेगा प्रयास




न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### शव वाहन और बॉडी फ्रीजर समर्पित

**भिलाई।** स्वं.सरदार दलबीर सिंग (बीरा सिंग) की छठवीं पुण्य तिथि पर सर्व समाज सेवा के लिए शव वाहन और बॉडी फ्रीजर समर्पित किया जाएगा। एचटीसी संचालक इंद्रजीत सिंह छोटू परिवार की ओर से 3 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर 3 बजे श्री बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटि अस्पताल फल मंडी पावर हाउस में कार्यक्रम आयोजित है।

### मारपीट गाली गलौज अपराध दर्ज

भिलाई। गाली गलौज कर मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि मीना बाई साहू झाड़ू पोछा का काम करती है। 1 अक्टूबर की सुबह अपने काम पर गई थी। घर पर बेटा टेकराज साहू अकेला था, टेकराज साहू पडोसी ओमन साहू उर्फ छोटू के साथ ऋषभ कालोनी पोटिया चौक आया। पीड़ित के छत पर शशिकला साहू और राजेश साहू चैली भाडा (बांस) को गडा कर दीवाल में प्लास्टर कर रहे थे। तब बेटे ने ईश्वर लाल साहू को फोन पर जानकारी दी। शशिकला साहू ,सुमीत साहू ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शशि ने थप्पड और सुमीत साहू ने हाथ मे पहने चुडा (कडा) से मारपीट कर चोट पहुंचाया। घटना में बेटे पर चोट आई है।

वर्ष 2008 से 2025 के वाहन शामिल, दुर्ग पुलिस न्यायालय से राजसात करने ली अनुमति

# 17 साल में पुलिस ने नारकोटिक्स के मामलों में 72 वाहन किए जब्त, थाने में हो रहे कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶जेएम तांडी

17 सालों से जिले के थानों में पड़े नारकोटिक्स (एनडीपीएस) में जब्त हुए वाहनों की नीलामी और राजसात की कार्रवाई दुर्ग पुलिस करने की तैयारी में है। जिसके लिए पुलिस ने न्यायालय से अनुमति लेकर सारी तैयारी अंतिम चरणों में है। जिले में 72 ऐसे वाहन पुलिस ने जब्त किया है जो एनडीपीएस से वाहन जुड़े है। इसके अलावा इन वाहनों में कई के बैटरी, हेट लाइट तक गायब है। यह वाहन थानों में पड़े-पड़े सड़ रहे थे इसे लेकर एसएसपी विजय अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए। प्रक्रिया को पूरा करने के बाद वाहनों की पहले लिस्टिंग कराई गई। उसके बाद दो पहिया, चार पहिया, भारी वाहनों को अलग किया गया है। उसके बाद न्यायालय से अनुमति ली गई। साथ ही कई ऐसे वाहन भी पड़े जिसकी अनुमति की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। उक्त सभी वाहने नशे की तस्करी के दौरान पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई कर जब्त किया है।ये वाहन छावनी, पुलगांव, खुर्सीपार, कुम्हारी, पुरानी भिलाई, जामुल, भठ्ठी, उतई, नेवई, भिलाई नगर, पाटन, सुपेला, दुर्ग कोतवाली, मोहन नगर, अंडा, स्मृतिनगर, धमधा, अंजोरा, वैशाली नगर, नंदिनी नगर, जेवरा सिरसा आदि थानों में लंबे समय से वाहन पड़े हुए है।




### प्री ट्रॉयल डिस्पोजल वाहन

पुलिस कोई भी वाहन जब्त करती है तो जांच अधिकारी जब्त वाहन से जुड़े पंजीकरण अधिकारी या आरटीओ से स्वामित्व की जानकारी प्राप्त कर ले। जब्त वाहन फायनेंस की है तो फायनेंस कंपनी से जानकारी लिया जाए। वाहन की सूची फार्म नंबर 4 के मुताबिक तैयार कर धारा 52(ए) 2 के अनुसार मजिस्ट्रेट को आवेन देकर फार्म 5 अनुसार जब्त वाहन की सूची , दस्तावेज, फोटो ग्राफिक्स का प्रमाणीकरण होना अनिवार्य है। वाहन में केविटस चेम्बर बने हो तो सभी ओर से फोटो लेना जरुरी है। साथ ही वाहन के इंजन, चेचिस नंबर का भी फोटो जरुरी होता है। जब्ती सूची वाहन की फोटो, पंजीयन समेत अन्य दस्तावेज प्राथमिक प्रति को साक्ष्य में मान्य करने के लिए न्यायालय में भेजा जाता है। ड्रग डिस्पोजल कमेटी को प्रकरण से जुड़ी सूची, दस्तावेज आदि वाहन के डिस्पोजल के लिए भेजी जाए।

### एमएसटीसी पोर्टल से होगी वाहनों की बिक्री

जब्त वाहनों की बिक्री एमएसटीसी पोर्टलसे होगा। ऐसे वाहनों की ब्रिकी से मिलने वाले राजस्व को अधिकारिक खातों में जमा की जाएगी। प्रमाण पत्र न्यायालय में पेश किया जाएगा। बैंक में जमा करने के बाद एफडी के रुप में पेश किया जाएगा। न्यायालय विभाग को वाहन अधिकरण करने का आदेश देती है। विभाग नियम के मुताबिक बिक्री से प्राप्त आय के साथ अर्जित ब्याज को भी जब्त कर सकता है। न्यायालय वाहन अधिग्रहण का आदेश नहीं देने की स्थिति में विभाग के खिलाफ सक्षम न्यायालय में अपील नहीं करने पर ऐसे वाहनों की ब्रिकी से मिलने वाले राशि को ब्याज समेत न्यायालय को सूचित करते हुए वाहन के वास्तविक स्वामी को जारी कर दी जाएगी।

### ये वाहन थानों में हैं जब्त

इंडिका कार सीजी 13 सी 0227, स्कूटी सीजी 07 बी 7662, स्कार्पियों सीजी 18 डी 0815, आयशरसीजी 7 सीए 5222, क्वालिस सीजी 07-5710,पल्सर सीजी 8 एनबी 8680,मारुति ओआर 9 ए 1661,आटो सीजी 07 टी 3832, होंडा सिटी कार यूपी 16 पी 7498, टाटा एस ओडी 03-0610,सेंट्रो कार सीजी 4 जेड़ी 2636,टाटा सीजी 07 इंडिगो कार सीजी 04 बी 3956,मारुति सीजी 07 जेडजी 5531, स्वीफ्ट कार, ओआर 03 डी 9105, होंडा सिटी कार सीजी 04 एमडी 3311, टाटा 407 सीजी 04 जेबी 8303, बाइक सीजी 07 एसी 2128, कार सीजी 4 डीजे 0810, एक्टिवा सीजी 07 बीके 5056, पल्सर सीजी 07 ए 6403, क्रेटा सीजी 07 बीई 8811, बाइक सीजी 24 एफ 8569, मार्शल एमपी 32 डी 0223, आल्टो कार सीजी 4 बी 2418, कार सीजी 04 डीजे 6777, बोलेरो पिकअप सीजी 09 बी 1496, स्कार्पियो सीजी 13 यूसी 7200, मारुति सूजकी सीजी 07 जेडडी 5781, बाइक सीजी 05 जेई 2320, एक्टिवा सीजी 07 बीवी 8372, एक्टिवा सीजी 07 बीपी 7427, कार एमएच 46 पी6040, बाइक सीजी 08 एलएच 6853, बाइक सीजी 07 एटी 4209, बाइक सीजी 7 एलएक्स 6853, कार सीजी 7 एके 4194, स्वीफ्ट डिजायर सीजी 07 एमए 0099, बाइक सीजी 7 बीजी 1032, कार सीजी 04 जे 4787, पिकअप ओडी 14 वी 4975, एक्टिवा सीजी 4 जेडी 0399, बाइक सीजी 07 एलडी 7080, एक्टिवा सीजी 07 एवी 8263, टाटा मिनी ट्रक सीजी 07 सीएम 2878, पिकअप सीजी 07 सीजे 8751,एक्सवी सीजी 13 यूसी 7111, स्कोडा सीजी 07 एमडी 2167, बोलेरो पिकअप सीजी 07 सीके 8551, डस्टर कार सीजी 10 एनसी 9998, स्कोडा सीजी 04 केपी 4604, बाइक सीजी 25 के 3641, फैशन प्रो सीजी 07 बीएल 9620, एक्टिवा सीजी 08 जेड 0964, स्कूटी सीजी 4 एमई 2716, कार सीजी 07 जेडडी 3848, कार सीजी 07 एमवी 3698, स्कूटी सीजी 07 4499, स्कूटर सीजी 07 सीएच 2996, होंट सिटी कार सीजी 07 एलजे 3600, बाइक सीजी 07 सीएन 7170, सीजी 7 सीक्यू 5859, सीजी 7 एलएफ 8517, सीजी 07 सीके 1278, कार सीजी 08 एवी 8888, कार सीजी 07 एपी 1829, स्कूटी सीजी 07 सीएच 2876, सेट्रो कार सीजी 04 बी 5903, एक्सयूपी सीजी 22 एसी 5656, डयल 112 वाहन सूमो सीजी 03 7086, बाइक सीजी 07 सीयू 0790, बाइक ओडी 26 ई 7811, एक्टिवा सीजी 10 बीसी 6508, बुलेट सीजी 07 बीएल 9735 वाहन है।

### माह भर के भीतर हो जाएगी नीलामी



एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त वाहनों का लिस्टिंग तैयार कर न्यायालय से अनुमति ली गई है। जिसकी नीलामी और कुछ वाहनों को राजसात भी करने की तैयारी चल रही है। माह भर के भीतर नीलामी हो जाएगी। न्यायालय इंवेट्री करता है। नए नियम में अंडर ट्रॉयल मामले में भी नीलामी कर सकते है। एमएसटीसी पोर्टल में इसे डाला जाता है। ऑनलाइन नीलामी होती है। - **विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

# 147 ग्राम अफीम के साथ पंजाब के दो लड़के सहित तीन गिरफ्तार, गए जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

▪ भिलाई तीन थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग पार्क के पीछे धर्मकांटा के पास बेचने के लिए तलाश रहे थे ग्राहक

भिलाई-तीन थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग पार्क के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक सफेद रंग की हुंडई कार से 147 ग्राम अफीम जब्त किया। बद्रीनाथ धर्मकांटा के पीछे वाली गली में यह कार खड़ी थी। कार में तीन लड़के अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम की बिक्री कर रहे थे। भिलाई तीन पुलिस और एसीसीयू की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा।

मौके से सीजी 07 सीवाई 6675 कार जब्त की। कार की तलाशी लेने पर तीन व्यक्ति बैठे हुए मिले। नाम पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम लवप्रीत सिंह, हरदीप सिंह, बुध सिंह बताया। उक्त तीनों व्यक्तियों का तलाशी लेने पर लवप्रीत के पेन्ट के दाहिने जेब में लॉक वाली छोटी पालीथीन के अंदर 45.08 ग्राम कीमती मादक पदार्थ अफीम, एक नग समसंग मोबाईल फोन तथा अफीम बिक्री रकम 21,300 जब्त की गई। हरदीप सिंह के पेन्ट की तलाशी लेने पर लॉक वाली छोटी पालीथीन के अंदर 53.72 ग्राम मादक पदार्थ अफीम एक नग पोको कंपनी का मोबाईल फोन तथा अफीम विक्री रकम 500 मिला।

बुध सिंह की तलाशी लेने पर लॉक वाली छोटी पालीथीन के अंदर 48.08 ग्राम कीमती मादक पदार्थ अफीम एक नग मोबाईल आईफोन तथा अफीम और रकम 1000 रुपए मिली। आरोपियों में लवप्रीत सिंह (23 वर्ष) गुरुदासपुर का रहने वाला है, जो भिलाई में आजाद मोहल्ला में निवास कर रहा है। पकड़ा गया हरदीप सिंह उम्र 27 भिलाई का रहने वाला है। वहीं बुध सिंह उम्र 22 साल निवासी मुसेरा तरन तारन पंजाब का रहने वाला है। बहरहाल पुलिस में मामले की जांच कर रही है।

# गिरने लगा रात का पारा, 15 अक्टूबर तक पड़ने लगेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मानसून लौटने लगा है, हालांकि वायुमंडल में अब भी दो चक्रवाती घेरा सक्रिया है, जिसकी वजह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग की मानें तो बारिश की संभावना कम हो गई है। तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। एक अनुमान के अनुसार 15 अक्टूबर के बाद जिले में हल्की ठंड महसूस होने लगेगी। इस बार ठंड का असर ज्यादा रहेगा। इधर गुरुवार को जिले में हल्की बारिश दर्ज की गई। 1.6 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं दिन का तापमान 31.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम पारा 28 डिग्री के करीब रहा, जो सामान्य से 4 डिग्री तक कम रहा। इस प्रकार रात के समय तापमान कम हो चला है। बादलों की वजह से तापमान में ठहराव की स्थिति बनी हुई है। बादल छंटते ही रात के समय के तापमान में और गिरावट आएगी। सक्रिय सिस्टम की वजह से जिले में अब भी बारिश की संभावना बनी हुई है। अगले 48 घंटों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। 1 जून से 30 सितंबर तक जिले में 850 मिलीमीटर से ज्यादा की बारिश हो चुकी है। वहीं 1 और 2 अक्टूबर को 9.7 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो कि औसत बारिश 4.7 से ज्यादा है।





### ट्विनसिटी में दुर्गा मूर्ति का विसर्जन शुरू...9 दिनों की आराधना के बाद शिवनाथ नदी में दी जा रही विदाई

**दुर्ग।** भिलाई-दुर्ग में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को शुरू हो गया। नौ दिनों तक पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की मूर्तियों को गुरुवार को शिवनाथ नदी के पुलगांव स्थित तट पर विधि-विधान से विसर्जित किया जा रहा है। विसर्जन प्रक्रिया डीजे की धुन पर निकाली जा रही है। इस दौरान भक्त जय माता दी और जय माता दी शेरावाली के जयकारे लगाते हुए नाच-गा रहे हैं। आतिशबाजी के साथ माता रानी को विदाई दी जा रही है। भक्त अपने परिवार, स्वयं और गांव-समाज के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए माता रानी से आशीर्वाद मांग रहे हैं। दोनों शहरों की सभी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। इसके बंगाली समाज द्वारा स्थापित प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया जा रहा है।

कार्रवाई बढ़ी, लेकिन मौत के आंकड़े में आई मामूली कमी, मालवाहक सवारी से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

# एक साल तक चला सड़क सुरक्षा अभियान, लेकिन नहीं सुधरा दुर्घटना और मौतों का आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

▪ लगातार कार्रवाई के साथ लोगों को दी जा रही समझाइश

दुर्ग पुलिस द्वारा लोगों को ट्रैफिक सेंस के प्रति लगातार सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है, लेकिन लोग अवेयर नहीं हो रहे हैं। हालत यह है कि पिछले एक साल में ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई में बढ़त दिखी, लेकिन दुर्घटनाओं और मौतों के आंकड़ों में मामूली कमी देखने को मिली है।

दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 1 जनवरी से 15 सितंबर 2024 और 1 जनवरी 15 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो इसमें पिछले साल के मुताबिक कोई बड़ा असर नहीं दिख रहा है। एक जनवरी से 15 सितंबर 2024 तक जहां जिले में कुल 562 सड़क दुर्घटना के मामले दर्ज किए गए। उसमें 164 लोगों की मौत हुई है। इसके मुकाबले 1 जनवरी से 15 सितंबर 2025 में कुल सड़क दुर्घटना के मामले 589 हैं। इसमें मौत के आंकड़ों की बात की जाए तो उसमें मामूली कमी देखने को मिली है। 2025 में कुल 145 मौतें शामिल हैं।



### साल 2024 में सड़क दुर्घटना और चालानी कार्रवाई के आंकड़े

कुल- 562 दुर्घटना- 164 मृतक- 492 घायल- 259 नाबालिग- 17 माल वाहक सवारी- 17

### साल 2025 में सड़क दुर्घटना और चालानी कार्रवाई के आंकड़े

कुल- 589 दुर्घटना- 145 मृतक- 490 घायल एमवी एक्ट- 1339 नाबालिग- 17 माल वाहक सवारी- 343

### पुलिस की कार्रवाई में बड़ा इजाफा, लेकिन अवेयरनेस में सुधार नहीं

सबसे बड़ा परिवर्तन जो देखने को मिला है वो ट्रैफिक पुलिस और दुर्ग पुलिस की कार्रवाई में हुआ है। पुलिस ने पूरे साल लगातार कार्रवाई को तेज रखा, चाहे सड़क सुरक्षा अभियान हो या सामान्य दिन। ट्रैफिक पुलिस ने एक साल के अंदर साल 2024 में एमवी एक्ट की 259 कार्रवाई की। इसके साथ ही मालवाहक सवारी को लेकर मात्र 17 मामले थे। ये कार्रवाई 2025 में बढ़कर एमवी एक्ट के 1339 मामलो तक पहुंची। इसमें मालवाहक सवारी के 343 मामलों की कार्रवाई शामिल है।

### गुपचुप खिलाने वाले पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत गंजपारा चौक पर गुपचुप खिलाने के दौरान उपजे विवाद में दो अज्ञात युवकों ने गुपचुप खिलाने वाले पर ही प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना 1 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे की है। गवलीपारा निवासी अनिल वर्मा (25वर्ष) ने गंजपारा दुर्गोत्सव समिति के पास गुपचुप का ठेला लगाया था। रात करीब 10 बजे वह दूसरों को गुपचुप खिला रहा था। तभी आरोपी वहां आए और पापड़ी मांगने लगे। अनिल ने उन्हें थोड़ा रुकने के लिए कहा। इसी बात पर आरोपी युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। पास रखे धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में अनिल के सीने में चोट आई है। हादसे में बीच बचाव करने पहुंचे दामाद दीपक वर्मा पर भी चाकू से हमला किया गया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से तलाश की जा रही है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# सियान वो छांव है, जिसमें परिवार सुरक्षित रहता है, उन्हें हमें सहेजना होगा : गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मंत्री गजेंद्र यादव ने वरिष्ठजनों को किया सम्मानित, उनके साथ बिताया समय**



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे। उन्होंने वरिष्ठजनों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। यादव ने सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो जीवन है वह अमूल्य है।

घर में संस्कार देने का कार्य अगर कोई करता है, तो वह हमारे सियान (बुजुर्ग) करते हैं। वे ही घर की छांव हैं, जिनके साये में परिवार सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में हम अक्सर माता-पिता, भाई-बहन, बच्चों और नौकरी की जिम्मेदारियों में इतना उलझ जाते हैं। ऐसे में बुजुर्गों के साथ समय बिताना, उनकी बात सुनना और उन्हें सम्मान देना, सबसे बड़ा संस्कार भूल जाते हैं। मंत्री यादव ने कहा कि जब भी वरिष्ठजनों के केंद्रों की जरूरत सामने आएगी, वहां हर संभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा जिंदगी जिंदादिली का दूसरा नाम है, इसे हमेशा मुस्कुराते हुए जीना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रेरणादायक गीत- 'छईया भुईया ला छोड़ जवैया, तैं थिराबे कहॉं रे। पंछी उड़थे अगास, करथे बिरछा हमार', का गायन कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा को भी शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कोर्सेवाड़ा ने कहा कि सियान (वृद्धजनों) का अनुभव और उनके दिए हुए संस्कार ही आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शक हैं।

आज राज्य प्रगति की राह पर अग्रसर हैं, ऐसे समय में बुजुर्गों की बची हुई उम्र को समाज सेवा जैसे पुण्य कार्यों में लगाना चाहिए। इससे न केवल समाज को लाभ मिलेगा, बल्कि बुजुर्गों का समय भी सार्थकता के साथ व्यतीत होगा। हमारी संस्कृति, हमारी भाषा और हमारी बोली को जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। यही हमारी पहचान है और इसे हमें सहेजकर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

### बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन में सबसे बड़ी संपत्ति



ललित चंद्राकर ने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। भारत की संस्कृति और सभ्यता का मूल आधार ही बड़ों का सम्मान करना है। बुजुर्गों के अनुभव और जीवन के त्याग से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, जो हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को दिशा देता है। जब हमें वरिष्ठों का आशीर्वाद मिलता है, तब कोई भी कार्य बड़ा या कठिन नहीं लगता। वरिष्ठजनों से सीखी बातें अगर हम अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो हमारा जीवन सफल और संस्कारपूर्ण बन सकता है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि वृद्धावस्था एक ऐसा समय होता है। जब व्यक्ति चिंता मुक्त होकर जीवन जी सकता है, ठीक वैसे ही जैसे बाल्यावस्था में कोई तनाव नहीं होता।

---

## खबर संक्षेप

### ललित ने प्रदेशवासियों को दी विजयादशमी की बधाई



**दुर्ग।** असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की जीत का महापर्व है दशहरा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संदेश में कहा दशहरा पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। हम लोग हर साल रावण का वध करते हैं, परंतु इस पर्व की सार्थकता तब होगी जब हम काम क्रोध मद लोभ रूपी रावण जो हमारे मन में है। उसका वध करें और अपने जीवन में सत्य, सदाचार और सनातन मूल्यों को शाश्वत रखें।

### पेंशन के सत्यापन हेतु प्रशिक्षण दिया गया

**भिलाई।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन करने निगम सभागार मे प्रशिक्षण के लिए बैठक आयोजित की गई। सरकार द्वारा मैन्यूअली पद्धति मे बदलाव कर ऑनलाइन मोबाइल एप चालू किया गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने हितग्राहियों का सत्यापन करने जोन के कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश जारी किये है। पेंशन हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन हेतु मोबाइल एप बिनिफिशियल सत्यापन एप (लाभार्थी सत्यापन एप) तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन किया जाना है। लाभार्थी सत्यापन एप का प्रशिक्षण तकनीकी सहायक अशोक कश्यप के नेतृत्व मे कंप्यूटर ऑपरेटर अंजू साहू द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण मे सभी पांचों जोन के कर्मचारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से एप के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई।

---

### कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की ली बैठक

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में धान की फसल का 5% रेंडम परीक्षण जरूरी, तत्काल लगाई जाए ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**कलेक्टर ने आगामी धान खरीदी को लेकर भी अधिकारियों से ली जानकारी**



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय सीमा प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने फसल गिरदावरी, मतदाता सूची मिलान, ई-ऑफिस की अद्यतन स्थिति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत धान उत्पादक कृषकों से वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में फसल गिरदावरी के आधार पर भुइयां साफ्टवेयर में प्रविष्ट एवं एग्रीटेक पोर्टल में डिजिटल क्रॉप सर्वे में धान के रकबे के आधार पर धान उपार्जन का कार्य किया जाएगा। एग्रीटेक के डिजिटल क्रॉप सर्वे में किए गए फसल धान की प्रविष्टियों में से 5 प्रतिशत प्रविष्टियों का रेंडम सत्यापन किया जाना है। इस हेतु जिला स्तरीय गिरदावरी निरीक्षण और तहसील स्तरीय गिरदावरी निरीक्षण हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी गिरदावरी सत्यापन हेतु निर्धारित एप्प मोबाइल में डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही सत्यापन प्रक्रिया की भली-भांति जानकारी प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि जिले में मतदाता सूची मिलान का कार्य अभी 65 प्रतिशत तक ही हुआ है। इसमें और प्रगति लाने की आवश्यकता है। उन्होंने अगली बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन के साथ उपस्थित होने को कहा।

### वय वंदन कार्ड बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश, आवेदन का जल्द करें सत्यापन

कलेक्टर श्री सिंह ने वय वंदन कार्ड की जानकारी लेते हुए योजना अंतर्गत लक्ष्य के मुताबिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया में प्रगति लाने सीएमएचओ को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्कूलों बच्चों के आधार कार्ड हेतु स्कूलवार शिविर लगाई जाए। इसी प्रकार स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु प्राप्त आवेदनों को संबंधित तहसीलों में जमा कराया जाए। इस संबंध में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी के किसी भी परिजन का पूर्व से जाति प्रमाण पत्र बना हो तो इसे आधार मानते हुए स्कूली बच्चों का भी जाति प्रमाण पत्र बनाने आवश्यक पहल करने डीईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियोंसे कहा कि सभी तहसीलदार संबंधित क्षेत्र के स्कूलों का भ्रमण कर स्कूलों बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड निर्माण कार्य हेतु जमीन आबंटन के संबंध में संबंधित तहसीलदारों को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

### मतदाता सूची मिलान के लिए डोरटूडोर कराएं सर्वे

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची मिलान हेतु बीएलओ को संबंधित क्षेत्र के घर-घर जाकर सूची मिलान करने निर्देशित करने कहा। उन्होंने जिले में शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण के पश्चात स्कूलों में शिक्षकों की ज्वायनिंग स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जो शिक्षक अभी तक निर्धारित स्कूल में अपनी ज्वायनिंग नहीं दिए हैं, ऐसे शिक्षकों के विरूद्ध जिला शिक्षा अधिकारी कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रक्रिया पर जोर देते हुए कहा कि अब से अधिकारी नई फाइल ई-ऑफिस प्रक्रिया के तहत ही बनाएं। ई-ऑफिस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की दिक्कते होने पर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी को ई-ऑफिस संचालन के संबंध में मूलभूत आवश्यक जानकारियां ग्रुप के माध्यम से शेयर करने के निर्देश दिए। कार्यालय में अधिकारी एवं फाईल मूवमेंट करने वाले कर्मचारी की जानकारी सभी विभागों को निर्धारित गूगलशीट में अपलोड करने कहा गया। इसी प्रकार जनगणना संबंधित जानकारी प्रपत्र 1, 2 एवं 3 में विभागों से मंगाई गयी है। बैठक में सभी विभागों के लंबित आवेदनों व शिकायतों के निराकरण को लेकर भी समीक्षा की गई।

### ई-केवाईसी के अभाव में 20 हजार से ज्यादा राशनकार्ड निरस्त

राशन कार्डों की समीक्षा के दौरान खाद्य अधिकारी ने अवगत कराया कि ई-केवाईसी के अभाव में 20 हजार राशन कार्ड निरस्त किया गया है। इसी प्रकार धान खरीदी हेतु बारदाने की आवश्यकता के संबंध में डीएमओ ने अवगत कराया कि जिले में 28 हजार गठान बारदाने की आवश्यकता होगी। वर्तमान में 2392 गठान बारदाना जमा किया जा चुका है। कलेक्टर ने सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन नगरीय निकायों एवं पंचायतों से अद्यतन स्थिति प्राप्त कर उप संचालक समाज कल्याण को शीघ्र अवगत कराने के निर्देश उप दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री को नहरों से अतिक्रमण हटाने चिन्हांकित कर सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जो विभाग अभी तक जीएसटी रिर्टन फाईल जमा नहीं किए हैं, उन्हें तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए।

---

## सुपेला सब्जी मंडी में अवैध कब्जा कर दुकान संचालन का आरोप, निगम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



आकाश गंगा सुपेला सब्जी मंडी परिसर में लगातार लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर दुकान संचालन का मामला सामने आ रहा है। इसको लेकर मंडी समिति ने कई बार कलेक्टर और निगम आयुक्त से शिकायत की है, लेकिन निगम कार्रवाई नहीं कर रहा है।

नया मामला मंडी के सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष के साथ हुआ है। उन्होंने उनकी दुकान पर भाजपा नेता पर बेजा कब्जा करने का आरोप लगाया है। सब्जी मंडी विक्रेता संघ के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह ने भिलाई नगर निगम के आयुक्त से इस संबंध में लिखित शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा नेता और सब्जी व्यापारी विजय सिंह के द्वारा उनको आबंटित शेड (दुकान) पर कब्जा किया हुआ है। कई बार कहने के बाद भी वो उस जगह को नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने शेड खाली करवाकर आयुक्त से कार्रवाई की मांग की है। शिकायत रवि की मां की तरफ से की गई है। उसमें कहा गया है कि उनके पति स्व. जॉन सिंह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनके निर्देशन में सुभाष चौक सब्जी मंडी पावर हाउस का गठन किया गया था। बाद में इसे सुपेला आकाश गंगा में स्थानांतरित कर दिया गया। उस समय उनके ससुर स्व. जोके पिचवाई के नाम पर शेड संख्या 4 आबंटित किया गया था। उनके बाद उस दुकान को उनके पति संभालने लगे। कुछ व्यावसायिक आवश्यकता के चलते जॉन सिंह ने उस शेड को विजय सिंह को किराये पर दे दिया था। उन्होंने उसका कोई किरायेनामा तैयार नहीं कराया था। अब जॉन सिंह की मृत्यु के बाद विजय सिंह शेड को खाली नहीं कर रहे हैं और ऊंची राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाकर कार्रवाई का भय दिखा रहे हैं।

### आज भी दुकान जोके पिचवाई के नाम

मंडी अध्यक्ष रवि ने बताया कि 4 नंबर शेड आज बी उनके दादा स्व. जोके पिचवाई के नाम पर है। उसका जो भी किराया निगम में पटाया जा रहा है वह उन्हीं के नाम पर पट रहा है। इसके बाद भी उनकी संतानों को उनकी संपत्ति का हक नहीं मिल रहा है। ऐसा करने से उनके और पूरे परिवार पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है।

### अधिकतर शेड में दूसरे लोगों का कब्जा

मंडी अध्यक्ष रवि ने इससे पहले भी एक शिकायत निगम आयुक्त को की थी। उसमें बताया गया था कि मंडी में सब्जियों की नीलामी के लिए 25 अलग-अलग शेड आबंटित किए गए थे। इन शेड में आज दूसरे व्यापारियों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इससे मंडी में हर दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। साथ ही साथ पूरे मंडी परिसर में गंदगी पसरी रहती है।

### शेड में मेरा कब्जा नहीं, मुझे सभी की सहमति से बैठाया गया

भाजपा नेता और सब्जी व्यापारी विजय सिंह का इस बारे में कहना है कि रवि के दादा को वह दुकान किराये से आबंटित हुई थी। उसका किराया 250 रुपए महीना निर्धारित हुआ था। उनके बाद मंडी कमेटी के अध्यक्ष रवि के पिता बने। उनकी और पूरी कमेटी की सहमति पर साल 2000 में उन्हें वह शेड आबंटित किया गया है। कब्जा करने वाला आरोप गलत है। उनके सारे रिकार्ड हैं। मबहुत से लोग हैं ऐसे हैं, इसी तरह दूसरी जगह पर बैठाए गए हैं। इसमें पूरी गलती निगम की है। उसे चाहिए की जो जहां पर बैठा है उसे वहां पर स्थाई कर देना चाहिए।

- **विजय सिंह**, व्यापारी व भाजपा नेता, आकाश गंगा सब्जी मंडी सुपेला

**शिकायत मिलने पर कार्रवाई**

सुपेला सब्जी मंडी को दूसरी जगह शिफ्ट करने का काम चल रहा है। अवैध कब्जा की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**अजय सिंह राजपूत**, आयुक्त जोन-1 भिलाई नगर निगम

---

## साइंस कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिए गरबा विजेता हुए पुरस्कृत, हुआ सम्मान




**दुर्ग।** नवरात्रि के उपलक्ष में आदिशक्ति गरबा ग्रुप के तत्वावधान एवं एनएसयूआई साइंस कॉलेज दुर्ग के संरक्षण में साइंस कॉलेज दुर्ग में प्रथम बार तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज में उत्साह का वातावरण था कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ माता जी की स्थापना एवं पूजा किया गया, जिसमें कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इसके पश्चात अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में अनेक छात्रों ने हिस्सा लिया, रंगोली कार्यक्रम में प्रथम पंकज साहू, द्वितीय तारिणी सिंह, तृतीय नेम देवांगन ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम तनुश्री देबनाथ, द्वितीय निशा परवीन, तृतीय समिता महानंद ने प्राप्त की। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पंकज साहू, द्वितीय रूपाली सिन्हा, तृतीय अमीषा यादव ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम अविनाश साहू, द्वितीय दीपक उसेंडी, तृतीय दुर्गा ने प्राप्त किया। पूर्व विधायक अरुण वोरा, कॉलेज के प्राचार्य एके सिंह, आदित्य नारंग सहित अन्य कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया।

---

## मंत्री कार्यालय के पास कचरा हो रहा डंप, शिकायत पर भी असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**लोगों ने की शिकायत**



यह तस्वीर है गंजपारा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के ठीक पीछे की, यह जगह मंत्री गजेंद्र यादव के कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर है। जहां हर दिन कचरा डंप किया जा रहा है। खास बात यह है कि इसे लेकर लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन कचरा हटाने के बजाए और बढ़ता जा रहा है। शहर के अधिकांश हिस्सों में कमोबेश इसी प्रकार के हालात है। निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सफाई को लेकर गंभीर नहीं है, इधर स्वच्छता के नाम पर शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जनप्रतिनिधि झाड़ू लेकर शहर की सड़कों पर सफाई करते नजर आ रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है।

---

## स्कूल और कॉलेज के सामने आवागमन बाधित करने बना दिया रैम्प, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**विद्यार्थियों को हो रही परेशानी**



विद्यापीठ लक्ष्मीनारायण महाराज किल्ला मंदिर के स्कूल और कॉलेज के सामने आवागमन बाधित करने को लेकर शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि मालवीय नगर वार्ड-24 स्थित स्कूल-कॉलेज कैम्पस के गेट के सामने ही रैम्प बना दिया गया है। इसकी वजह से स्टूडेंट्स को आवाजाही में खासी दिक्कत हो रही है। प्राचार्य ने की लिखित शिकायत में कहा है कि गाड़ी चढ़ाने के लिये रैम्प का निर्माण किया गया है। यह रैम्प भवन निर्माण के अतिक्रमण क्षेत्र में बनाया गया है, जो सड़क में आवागमन को बाधित कर रहा है। इस रैम्प की वजह से विद्यार्थी, स्टॉफ एवं आमजन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। यह रैम्प सड़क को बाधित कर रहा है। अतिक्रमण के श्रेणी में आता है। इसे तत्काल हटवाया जाए, अन्यथा वैधानिक शिकायत की जाएगी।

---

## पौने दो साल में 5 लाख पशुधन राज्य से गायब 2500 की दुर्घटना भूख से मौत : राकेश ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो गई है। मवेशी भूख से, दुर्घटना से मर रहे हैं।

भाजपा की सरकार बनने के बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया, जिसके कारण पिछले पौने दो साल में चारे पानी के अभाव में भूख से तथा खुले में घूमने के कारण सड़को पर एक्सीडेंट से बड़ी संख्या में गायों की लगातार मौत हो रही हैं। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कही है। उन्होंने कहा कि जो खबरें सामने आ रही है उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़कों पर कुचल कर मारी गई। लगभग 1200 से अधिक गाय भूख से चारे पानी के अभाव में मारी गई। 200 से अधिक गाय जहरीला पदार्थ आदि खाने से मारी गई। गोठान बंद होने के कारण आवारा घूम रहे गो वंश जब एक समस्या के रूप में सामने आई तो सरकार ने अघोषित रूप से एक बेहद ही क्रूर निर्णय लिया और गो वंश की तस्करी को बढ़ावा देने शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि 5 लाख गोवंश के बारे में सरकार स्पष्टीकरण दे। सरकार 2023 के पहले के सभी 10800 गौठानों को पुनः शुरू करे। गोठानों में चारा पानी की सुरक्षित व्यवस्था की जाए। अन्यथा कांग्रेस को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

---

### कुथरेल में आज दशहरा

**अंडा।** सार्वजनिक दुर्गोत्सव एवं दशहरा पर्व समिति कुथरेल के तत्वावधान में 43 वां वर्ष दशहरा पर्व मनाया जा रहा हैं। भव्य आतिशबाजी के साथ 40 फीट का रावण दहन 3 अक्टूबर शुक्रवार को होगा। जिसमें श्री राम दरबार शोभायात्रा एवं रामलीला मंचन - रात्रि 7 बजे से भव्य आतिशबाजी कटक एंव रावण पुतला दहन - रात्रि 9 बजे से अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन- रात्रि 10 बजे लोक प्रयाग का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 11 बजे से होगा। अतिथिगण ललित चन्द्राकर विधायक, दुर्ग ग्रामीण, ताम्रध्वज साहू पूर्व मंत्री, रमशीला साहू पूर्व मंत्री, बालमुकुन्द देवांगन पूर्व विधायक, डॉ. अरूण अरोरा कुलपति, स्वामी विवेकानंद वि.वि. भिलाई, अतुल पर्वत वेयरमेन, भिलाई केन डू पर्वत फाउंडेशन और केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष, श्रम कल्याण मंडल सहित ग्रामीण जन सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहेंगे।

---

**मंत्री गजेंद्र यादव ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत दुर्ग से 179 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आज दुर्ग जिले से रामभक्तों का एक बड़ा जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन से 179 श्रद्धालुओं को आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना किया गया, जिनमें 135 श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्र से तथा 44 शहरी क्षेत्र से शामिल हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार ने श्रद्धालुओं से भरी आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं को स्टेशन पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। तीर्थयात्री 4 अक्टूबर की रात को अयोध्या दर्शन कर लौटेंगे।

श्रद्धालुओं ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर वर्ग को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, कलेक्टर अभिजीत सिंह, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, हितेश पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एपी गौतम, रेलवे एवं पर्यटन विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आलबरस मुक्तिधाम में लगाए फलदार पौधे

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आलबरस के मुक्तिधाम में फलदार वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सैनिक भुवनलाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस, नंदू राम देशमुख उपसरपंच, खिलेंद्र देशमुख, हेमंत देशमुख सोमनाथ देशमुख, दिलीप चंदेल, अंजू निर्मलकर, सरोजिनी, बलदिन भाई ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### सात साल बाद घर में हुआ उजाला



**उतई।** ग्राम रिसामा की गरीब महिला रेखा निषाद और उनकी बेटी के घर सात वर्षों बाद आखिरकार रोशनी लौट आई है। लंबे समय से बिजली कनेक्शन कटने के कारण अंधेरे में जीवन बिताने वाले इस परिवार की मदद प्रशासनिक सहयोग के बजाय स्थानीय मीडिया साथियों और जनपद सदस्य ढालेश साहू के सक्रिय समन्वय से हुई। सात साल पहले, पति के निधन और आर्थिक तंगी के कारण रेखा निषाद का परिवार बिजली का बकाया बिल 681 जमा नहीं कर सका था, और उनका कनेक्शन काट दिया गया था। लगातार अंधेरे में जीवन गुजारते परिवार की पीड़ा को स्थानीय मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। नए कनेक्शन के लिए 2,100 और पुराने बकाया 681, यानी कुल 2,781 की राशि मीडिया साथियों द्वारा जमा कराई गई। जनपद सदस्य ढालेश साहू ने सभी मीडिया साथियों का आभार व्यक्त किया।

## निधन

### पार्वती बाई वैद्य



**भिलाई।** 8/8 नेहरू नगर ईस्ट भिलाई निवासी पार्वती बाई वैद्य का निधन 2 अक्टूबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 3 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. दशरथ वैद्य की पत्नी थीं।

### रानी तिवारी



**भिलाई।** मैत्री नगर रिसाली फेस 1/72 सेमिनेंट पब्लिक स्कूल शक्ति विहार सड़क 5 सेवानिवृत्त बीसपी की शिक्षिका रानी तिवारी का निधन 1 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रमा अग्निहोत्री की मां थीं।

### हंसराज गजभिए



**दुर्ग।** आईएचएसडीपी कॉलोनी, ब्लाक-72, जी-3, उरला, वार्ड 58 दुर्ग निवासी हंसराज गजभिए 73 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वें सुशीला गजभिए के पति, मनीषा भिमटे, दीपा बोरकर, नमिता, हर्षवर्धन व जयवर्धन गजभिए के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।




# भारी बारिश में उत्साह के साथ अहिवारा में निकाली चुनरी यात्रा

## नगरवासियों ने जगह- जगह किया भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा के साथ उतारी आरती और अर्पित किया नारियल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नंदिनी अहिवारा में नवरात्रि पर्व पर अहिवारा नगर में युवा छत्तीसगढ़ी भक्ति मंच के तत्वावधान में नवम वर्ष की भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। दिनभर होती भीषण बारिश के बीच शिवराम मंदिर से शुरू हुई चुनरी यात्रा ने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया। शाम छः बजे यजमान शुभम ताम्रकार एवं अम्बे ताम्रकार ने पूजन-अर्चन कर माता रानी की चुनरी के साथ यात्रा का शुभारंभ किया जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए देर रात शीतला माता मंदिर में चुनरी अर्पण के साथ संपन्न हुई। यह यात्रा प्रदेश अध्यक्ष दाऊ आनंद ताम्रकार एवं अध्यक्ष राहुल चंदेल के नेतृत्व में निकाली गई। यात्रा का मुख्य आकर्षण रहा "मौत के उस पार" का अद्भुत मंचन। बाहर से आए कलाकारों ने नगर के



विभिन्न चौक-चौराहों पर रुक-रुक कर ऐसी झांकियां प्रस्तुत कीं कि हर दर्शक स्तब्ध रह गया। यमलोक का दरबार, यमदूतों की गिरफ्तारी, आग की चिंगारियों के बीच कालभैरव का प्रकोप, सांप-बिच्छू के दंड, नरक और स्वर्ग की प्रस्तुति ने जीवन-मरण के रहस्यों और कर्म के महत्व का गूढ़ संदेश दिया। इसके साथ ही दस महाविद्या के अद्भुत स्वरूपों की झलक, गौरी कृपा धूमाल की ताल और भक्तिमय गीतों ने पूरी यात्रा को दिव्यता से भर दिया। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी इस अद्भुत मंचन को देख श्रद्धा और भय मिश्रित भाव में डूबते-उतराते रहे। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर माता की चुनरी का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर चुनरी पर आरती उतारी और नारियल अर्पित कर माता रानी को प्रणाम किया। यात्रा के दौरान समिति के प्रदेश अध्यक्ष दाऊ आनंद ताम्रकार एवं अध्यक्ष राहुल चंदेल का व्यापारी बंधुओं और नगरवासियों द्वारा चौक-चौराहों पर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती, नारियल और चुनरी अर्पित कर उनका अभिनंदन हुआ। भव्य चुनरी यात्रा की व्यवस्था में महिलाओं ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। ममता जंघेल, ममता साहू, शिवानी मुदलियार, किरण सोनी, पार्वती साहू, शारदा भटट्, श्यामा यादव, प्रीयंका यादव, सीता यादव ने चुनरी व्यवस्था में विशेष सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारी भीड़ और लगातार बारिश को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरी यात्रा मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया। महिला पुलिस बल, एंबुलेंस दल, चिकित्सक और समिति द्वारा तैनात बाउंसर हर मोड़ पर सुरक्षा में तैनात रहे।

### राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों की रही मौजूदगी

इस दिव्य आयोजन में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, जनपद पंचायत धमधा अध्यक्ष लिमन साहू, चंचल बाफना, नटवर ताम्रकार और कई सामाजिक प्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी ने माता की चुनरी का स्पर्श कर क्षेत्र की उन्नति और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

## गांव-गांव में दिखा उत्साह, भक्तिभाव से निकले माता के उपासक

# विसर्जन में सेवा दलों ने जमकर गाए देवी सेवा गीत, झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नगर बाजार चौक कला मंच में सार्वजनिक दुर्गोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। सेवा भक्ति के साथ विसर्जन यात्रा निकाल कर मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित की गई। नगर वासियों ने श्रीफल धूप दीप से पूजा कर मां दुर्गा को प्रणाम किया और प्रसाद ग्रहण किया। विसर्जन यात्रा में एक महिला और बालिका वादन भाव भक्ति में पूर्ण लीन होकर भक्ति में रथ के साथ साथ झूमती रहे। विसर्जन यात्रा सहाड़ा देव मार्ग, हनुमान राम मंदिर मार्ग, सदर लाइन, बाजार रोड, पुलिस थाना मार्ग, पटेल मोहल्ला समीप दुर्ग रोड, शासकीय कालेज भरर रोड, धमतरी रोड, ग्रामपंचायत मार्ग और सेजस स्कूल मार्ग होते हुए डोंगिया जलाशय विसर्जन के लिए पहुंची। जालम सेन, अंगेश्वर साहू, पंकज साहू और रानू निर्मलकर ने बताया कि जामगांव आर में छन्नू यादव रघुबर सेन के निर्देशन मां सेवा शीतला समिति 5 दशकों से सक्रिय है। यहां डोमन, निर्मल और मुकेश पटेल के निर्देशन में दो दशकों से तथा तीसरी पीढ़ी के ऋतिक निर्मल व प्रिंस निर्मल बाल सेवा शीतला समिति ने गायन वादन के साथ नगर को गुंजायमान करते रहे हैं। वीरेंद्र ठाकुर, जालम सेन, कामता साहू और मेघनाथ सागरवंशी ने बताया कि जसगीत पर लोग भक्ति में झूमने लगे।

### विसर्जन के दौरान उमड़े श्रद्धालु



### विधि-विधान से पूजन कर माता रानी को विदाई दी



**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में मां दुर्गा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी और भक्तगण उपस्थित रहे।भक्तों ने मां दुर्गा का विधि-विधान से पूजन किया। पूजन के उपरांत, माता रानी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया गया, जहां उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान गांव की महिला-पुरुष समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। माता रानी को सेवा भजन के साथ गांव में भ्रमण कराया गया फिर माँ दुर्गा रानी को भाव भजन से विसर्जित किया गया।

### सेवा गीत की धुन पर हुआ मैयारानी का विसर्जन



**निकुम।** अंचल में नवरात्रि पर पर्व पूरे नौ दिनों तक भक्तिमय रहा हुआ। महाअष्टमी पर हवन कर नौ कन्या भोजन कराकर सभी की खुशहाली और मंगल कामना की गई। वही पारंपरिक ढंग से देवी सेवा गीत की धुन पर महा आरती कर विसर्जन किया गया, वही पूरे निकुम सहित अंचल में विसर्जन किया गया। श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण से शोभा विसर्जन यात्रा में गांव में घर घर के सामने आंगन में रंगोली सजाकर माता रानी की पूरे परिवार के साथ मां दुर्गा की श्रद्धा भक्ति के साथ आरती कर मगंल कामना की गई। जिसमें ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ भक्ति में रमे दिखे। पारंपरिक सेवा गीत कंकालिन मोर माया, सरवर नहाए बर चले हो महामाई सहित धुनों पर भक्त झूमते गाते विसर्जन किए।

# शासकीय कन्या हाई स्कूल की हालत दयनीय, सुधारने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

वर्षों से कुम्हारी बाजार चौक स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है लगभग 850 अध्यनरत विद्यार्थियों वाले इस स्कूल में कुम्हारी के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चे पढ़ने आते हैं। यह विद्यालय सबसे पुराने विद्यालय में से एक है।

गौरतलब है कि विगत वर्षों में नगर के कई विद्यालयों के लिए पर्याप्त कार्य हुए लेकिन इस विद्यालय की किसी ने अबतक सुध नही ली। सुरक्षा की दृष्टि से भी इस विद्यालय की हालत दयनीय है जीर्ण शीर्ण दीवारों की ऊंचाई भी इतनी कम है कि कोई भी इसे आसानी से फांद सकता है जिससे शासकीय सम्पतियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठते हैं इसके अलावा शौचालय, खेल मैदान के अलावा सी सी टीवी कैमरे के अभाव में यहां आपराधिक गतिविधियों से भी इंकार नही किया जा सकता। चूंकि नगर के मध्य स्थित यह स्कूल दुकानों और घरों से घिरा हुआ है ऐसे में उनके लिए तकलीफ और बढ़ जाती है। इन्ही गंभीर समस्याओं के मद्देनजर वर्तमान शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने स्कूल शिक्षा मंत्री (छ ग शासन) को एक पत्र प्रेषित कर यहां की समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित किया है अपने पत्र में उन्होंने बालक बालिकाओं के लिए सुविधायुक्त शौचालय सहित शाला के बाउंड्रीवाल, टेबल बेंच, प्राचार्य कक्ष, व्यवस्थित खेल मैदान, शुद्ध पेयजल हेतु वाटर प्यूरीफायर एवं 30 नग पंखे की मांग की है। इन सबके अलावा उच्च कक्षा के विद्यार्थियों हेतु सुसज्जित वाचनालय, विज्ञान प्रयोगशाला एवं प्रयोगशाला शिक्षक की भी मांग की है ताकि वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे यह विद्यालय भी शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल बन विद्यार्थियों का सुंदर भविष्य गढ़ सके।



■ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

### अध्यक्ष समेत नागरिक भी जुटे सफाई अभियान में



**कुम्हारी।** नगर पालिका ने 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान के तहत गुरुवार सुबह 8 से 9 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही प्रमुख इलाकों को चिन्हित कर जनता के साथ सफाई में हाथ बंटाने का आह्वान किया गया। वार्ड क्रमांक 04 एवं महामाया गार्डन में सामूहिक श्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष , पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अधिकारी, कर्मचारीगण और स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उन्नत शिक्षा और प्रयोगशाला की मिलेगी सुविधाएं, ज्ञान-कौशल में भी होगी वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा, दुर्ग और सिद्धाचलम प्रयोगशाला, रायपुर के मध्य सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों को उन्नत शिक्षा व प्रयोगशाला सुविधाएं प्रदान करेंगे। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों और प्रयोगशालाओं तक पहुँच प्रदान करना है ताकि वे अपने ज्ञान और कौशल में वृद्धि कर सकें। दोनों संस्थान विज्ञान और तकनीकी शोध को बढ़ावा देंगे, जिसमें छात्रों को परियोजनाओं पर काम करने और अपने कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। सिद्धाचलम प्रयोगशाला एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो छात्रों को विषय अन्तर्गत शोध के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित करेगी, जिससे वे सामाजिक जीवन की समस्याओं और उनके समाधान के लिए तैयार रहेंगे। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से छात्रों को मार्गदर्शन और शोध कार्य में योगदान मिलेगा, जिससे एक सहयोगात्मक वातावरण का निर्माण होगा । इस अवसर पर डॉ. भावना जैन (डायरेक्टर, सिद्धाचलम प्रयोगशाला) ने बताया हम शैलदेवी महाविद्यालय के साथ मिलकर शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं। इस एमओयू के माध्यम से हम दोनों संस्थान एवं विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्रदान करेंगे। डॉ. के. एन. मिश्रा प्राचार्य, शैलदेवी महाविद्यालय ने कहा, हम इस साझेदारी के लिए उत्साहित हैं। सिद्धाचलम प्रयोगशाला के साथ हमारा यह सहयोग शैलदेवी महाविद्यालय के छात्रों को एक नई दिशा और ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। यह एमओयू शैलदेवी महाविद्यालय और सिद्धाचलम प्रयोगशाला के बीच एक नई शैक्षणिक और तकनीकी साझेदारी की शुरुआत है, जो न केवल दोनों संस्थानों के लिए बल्कि प्रदेश भर के छात्रों के लिए भी एक वरदान साबित होगा।

# तहसील के चक्कर काट किसान हताश : देशमुख

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निकुम निवासी पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने आरोप लगाया है कि किसानों को धान बेचने के नाम पर सरकार परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि पटवारी और कृषि विस्तार अधिकारी गिरदावरी कर रिपोर्ट बना वर्षों से भेजते हैं जिसके आधार से सेवा सहकारी समितियो द्वारा फसल खरीदी की जाती है। लेकिन शायद इस पर शासन को विश्वास नहीं है। इसलिए



किसानो को एग्रीस्टेक कराना अनिवार्य कर दिया गया है लेकिन शासन उचित व्यवस्था नहीं कर रहा है। दुर्ग में लगभग 30% किसान एग्रीस्टेक से प्रभावित है। वर्ष 2025--26 में किसानों द्वारा फसल बेचने के लिए एग्री स्टेट पंजीयन करना अनिवार्य है लेकिन किसान इससे परेशान है। पिता की मृत्यु से (फौती) बंटवारे हिस्सेदारी या एक से अधिक खसरा जमीन है और एक का पंजीयन हो गया दूसरे का तहसीलदार के नाम से लंबित दिखा रहा है। किसान लगातार हफ्ते भर से तहसील कार्यालय के राजस्व रिकार्ड में सुधार या ऑनलाइन पर दिक्कतो को दुरुस्त कराने चक्कर काट रहे हैं।

लगातार चक्कर के बाद किसान अपने आप पर हताश महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय पर नयाब तहसीलदार की मनमानी या शासन का अधिक दबाव समझ नहीं आ रहा है। बाबू कर्मचारी निर्वाचन में ड्यूटी या अन्य जगह की व्यस्तता बताते हैं। ऐसे में संदेह है कि इस वर्ष किसान अपनी धान की फसल उचित व्यवस्थाओं पर बेचने से वंचित न हो जाए।

# छत्तीसगढ़ के भाट समुदाय के पास आज भी सुरक्षित है सैकड़ों परिवारों की वंशावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारत की विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा में जहां पौराणिक और वैदिक काल से राजा-महाराजाओं के साथ बंदी,चारण, जनवरत्न और बुद्धिमान दरबारी की व्यवस्था रहती थी। वहीं कालांतर में राज घरानों और गढों के पतन के साथ ही ऐसे भट्ट एवं गुणिजनों को विरुदावली गायक, भाट व चारण के रुप में अलग-अलग जाति-समुदाय के कुलगुरु और शुभेच्छुओं के रुप में इन्हें अलग ही पहचान मिली है। तब से ये अपनी पुरखौती परंपरा के रुप में अपने यजमानों के घरों में जाकर अपनी जाति अनुशासन के अनुसार निर्धारित ग्रामों में निवासरत जाति के गोत्रों के घरों में साल, दो साल या तीन सालों में भ्रमण कर परिजनों से मंगल कार्यों, शुभकार्यों के लिए 'सुखदान' सहित दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 'दुखदान' भी प्राप्त करते हैं। जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने दुर्ग जिले थनौद, उमदा, बोरीगारका, देवादा, मौहारी- मड़ौदा, अखरा, देवादा, भटगांव, चंदखुरी, बोरसी, दुर्ग, जेवरासिरसा सहित राज्य के कबीरधाम, खैरागढ़, राजनांदगांव, राजिम, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी जिले, जालबांधा, गिधवा, कोपेडिह, बिरगांव व पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के सालेकसा के पास के ग्राम पानगांव, बाम्हनी, पठानटोला, दसरथटोला का भ्रमण कर तेली, लोधी, राउत, कुर्मी, केवट, ढ़िमर, कलार, चंद्राकर आदि मूल जाति के भाटों से संवाद कर गोत्र की पोथी व वंशावली लेखन, गोत्र उच्चारण, कवित्त वाचन परंपरा को अपने शोध कार्य का विषय चयन कर गहन संवाद कर बताया कि छत्तीसगढ़ की लगभग सभी जाति-समुदायों के भाटों द्वारा आज भी 'यजमानी परंपरा' को अपने रोजगार के रुप में अपना कर रखा गया है। वे अपने पुरखों के कार्यों की महत्ता की प्रमाणिता में कहते हैं कि 'जिनके भाट नहीं, उनकी जात नहीं।' अर्थात सभी जातियों के भाट अवश्य होते हैं। वे अपने यजमानों के ग्रामों और परिजनों उनके गोत्रों का उच्चारण लयबद्ध तरीके से करते हैं, जिसमें उनके घर प्रमुखों पूर्वजों, ईष्ट देवी-देवताओं, बुद्धिमान और कुशल सेना नायकों, गढ़ों से जाति उत्पत्ति स्थल, गोत्र उत्पत्ति आदि की कहानी समाहित होती हैं; जो अत्यंत विशिष्टताओं के साथ उनके जाति, कुल गौरव और गोत्र गौरव को बढ़ाने वाली होती है। साथ ही ये अनोखे और दुर्लभ छत्तीसगढ़ी लोक वाद्यों का वादन भी करते हैं, जिसे वे मां सरस्वती के वरदान के रुप में अत्यंत पवित्रता, पूजनीय सामग्री और श्रद्धा के साथ अपने देव घरों में रखने सहित यजमानों के घर ले जाते हैं।



■ जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने की खोज, लोग जानेंगे अनूठी परंपरा को

# भंडारा में प्रसाद लिया श्रद्धालुओं ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



नगर के पुराना बस स्टैंड पाटन में व्यापारी संघ दुर्गोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। यह भंडारा समिति का 15 वां वर्ष है, जो लगातार समाज सेवा और धार्मिक आस्था को जोड़ते हुए एक मिसाल कायम करता आ रहा है। समिति के अध्यक्ष राज देवांगन के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी और सदस्य पूरे समर्पण के साथ व्यवस्था में जुटे रहे। सुबह से ही श्रद्धालुओं और आमजन की भीड़ भंडारे में उमड़ पड़ी और सभी ने प्रसाद रूपी भंडारे का आनंद लिया। अध्यक्ष राज देवांगन ने कहा कि व्यापारी संघ दुर्गोत्सव समिति हमेशा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रही है। आने वाले वर्षों में भी इस परंपरा को और अधिक भव्यता व सेवा भाव के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। पाटन के पुराना बस स्टैंड में आयोजित यह भव्य भंडारा न केवल श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद पाने का अवसर रहा, बल्कि नगरवासियों के बीच आपसी एकता और सौहार्द्र का भी अद्भुत प्रतीक बना।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### पावरहाउस वाहन स्टैंड में जबरिया वसूली

**भिलाई।** भिलाई नगर स्टेशन में मुसाफिरों के परिजनों से दोपहिया के लिए जबरिया वसूली की जा रही है। परिजनों को स्टेशन छोड़ने आने वाले घरवाले स्टैंड के बाहर सड़क किनारे अपनी गाड़ियां खड़ी करते हैं तो वाहन स्टैंड वाले जबरिया पर्ची लगाकर दस रुपए वसूल रहे हैं। मुसाफिरों ने बताया कि हमारे दोपहिया घसीटकर स्टैंड में लगा दे रहे हैं। 5, 10 मिनट के लिए दस रुपए चार्ज करना गलत है। रेलवे पुलिस जवान भी दबंग स्टैंडवाले का साथ दे रहे हैं। इसकी शिकायत स्टेशन प्रबंधक से करने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### से-7 तिराहे में जानलेवा गड्ढों से बढ़ी दुर्घटनाएं

**भिलाई** । सेक्टर 7 ई मार्केट के पीछे क्रास स्ट्रीट जर्जर होने से दुर्घटनाजन्य स्थल बनकर रह गया है। सड़क 11 ई मार्केट तिराहे पर सड़क पर गड्ढे हैं कि गड्ढे में सड़क वाहनचालकों को पता ही नहीं चलता। बीच सड़क पर तीन चार बड़े,गहरे व चौड़े गड्ठों के कारण आए दिन दोपहिया की छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। गुरुवार को इस व्यस्ततम मार्ग पर दूध बेचने वाला दोपहिया चालक मोड़ पर आर रहे तीन सायकल सवार बच्चों से टकरा गया जिससे दो बच्चे चोटिल हो गए। दो दिन पूर्व भी मोटरसायल सवार स्लिप होने से सर फट गया था। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार बीएसपी से शिकायत करने के बाद भी गड्ढों की मरम्मत नहीं किया जाना बड़े हादसे को दावत देना जैसा है।

# मतदाता जागरूकता को लेकर 15 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, कॉलेजों में होंगे इवेंट

## परिचर्चा, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक व विडियो प्रस्तुति से युवा देंगे मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त पत्र का हवाला देते हुए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग ने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्ना. महाविद्यालय (साइंस कॉलेज) एवं चिन्हित महाविद्यालय स्वीप दुर्ग के प्राचार्य को प्रपत्र जारी कर स्वीप कार्यक्रम के आयोजन संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

इसमें भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरुकता हेतु आयोजित की जाने वाली अकादमिक गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ना एवं मतदाताओं को जागरूक करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अकादमिक गतिविधियों को दो भाग में विभक्त किया गया है। जिसमें भाग-ए अंतर्गत परिचर्चा, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं संस्था की सहमति व सुझाव से अन्य प्रतियोगिताएं तथा प्रकार भाग-बी में नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता शामिल है। नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं मौलिक एवं स्वलिखित नारे बनाएंगे।

जिसमें मतदाता सूचियां में ऑनलाइन नाम दर्ज करवाने हेतु प्रेरक नारे, मतदान करने हेतु प्रेरक नारे, भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान करने हेतु प्रेरक नारे शामिल होंगे। नकल किए हुए नारे अमान्य होंगे। प्रतियोगिता 15 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अपने वीडियो को सोशल मीडिया जैसे Facebook, X, Instagram पर पोस्ट करेंगे। वीडियो को पोस्ट करते समय #GoRegister #GoVerify का उपयोग करेंगे एवं अपलोड करते हुए @CEOChhattisgarh को टैग करेंगे। श्रेष्ठ प्रविष्टियों को सम्मानित किया जाएगा एवं मतदाता जागरूकता अभियानों में प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही राज्य भर में सर्वश्रेष्ठ वीडियो अपलोड करने वाले प्रतिभागी को डिजिटल सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक महाविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु नियुक्त कैंपस एंबेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। समय सीमा में गतिविधियां आयोजित कर पालन प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करने कहा गया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू, सफाई मित्रों का सम्मान

# भिलाई को इंदौर की तरह स्वच्छ शहर बनाने बीएसपी करेगा प्रयास

### कला मंदिर से निकली स्वच्छता रैली, लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई






भिलाई इस्पात संयंत्र ने दो अक्टूबर से महात्मा गांधी कला मंदिर, सेक्टर-1 में "स्वच्छता ही सेवा 5.0" स्वच्छोत्सव एवं सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डायरेक्टर इंचार्ज चित्त रंजन महापात्र थे।

इस अवसर पर सभी कार्यपालक निदेशकों सहित सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम एबी श्रीनिवास, ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू उपस्थित थे।

महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वच्छता अभियान के शुभारंभ पर प्रतिकात्मक रुप से झाड़ लगा स्वच्छोत्सव की शुरुआत की गई।

श्री महापात्र ने कहा कि स्वच्छता के प्रति आम जन में जागरूकता लाना होगा और जरुरत पड़ने पर नियमों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है। इंदौर की तरह भिलाई को भी स्वच्छ शहर बनाने का प्रयास हम सबको मिलकर करना है। स्वागत भाषण महाप्रबंधक के के यादव ने दिया।

सुबह सेक्टर-8 स्थित पीएचडी कार्यालय से स्वच्छता रैली को रवाना किया गया, जिसमें जीएम एबी श्रीनिवास, प्रशांत तिवारी आदि अधिकारी भी शामिल हुए। रैली सेक्टर-8 से निकलकर महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में संपन्न हुई। स्वच्छता अभियान के तहत सेक्टर -9 में मुख्य चिकित्सा में सीएमओ प्रभारी डॉ विनिता द्विवेदी व डॉ कौशलेंद्र ठाकुर महाप्रबंधक शाहिद अहमद आदि उपस्थित थे।

## भिलाई बिरादरी ने महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए, हुई सर्वधर्म प्रार्थना



**भिलाई।** बीएसपी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में सुबह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजली दी। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, प्रवीन निगम, पवन कुमार, राकेश कुमार, विपिन गिरी, सीएमओ प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, सीजीएम विजय कुमार बेहेरा, स संदीप माथुर, प्रमोद कुमार, राजीव महेन्द्रू, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थि थे। श्री महापात्र सहित अन्य अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता को नमन किया। इस अवसर पर बापू की प्रातःकालीन प्रार्थना का संगीतमय प्रस्तुतीकरण पीटी उल्लास कुमार द्वारा किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने धर्मग्रंथों से पाठ किया। आचार्य जयवेद शास्त्री ने श्रीमद्भगवद्गीता, हाफ़िज़ अनवर ने कुरान शरीफ का पाठ किया। भाई महंगा सिंह ने श्रीगुरु ग्रंथ साहिब से प्रार्थनाएँ कीं और फादर अनुपम विकास ने बाइबिल से पाठ किया।सामूहिक रामधुन भजन का प्रस्तुतीकरण परनराज भाटिया एवं उनके साथियों ने किया।कार्यक्रम का संचालन विभाग के सुप्रियो सेन व उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने किया।

## एचएससीएल कॉलोनी में मनी गांधी-शास्त्री की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान द्वारा एचएससीएल कॉलोनी रूआबांधा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। दोनों महापुरुषों के आ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता जमील अहमद थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का देश के प्रति योगदान भुलाया नहीं जा सकेगा। आज जबकि नफरत का बोलबाला होते जा रहा है, ऐसे में गांधी-शास्त्री दोनों और ज्यादा प्रासंगिक हो चुके हैं। इसलिए देशवासियों को चाहिए कि इन दोनों महान हस्तियों से प्रेरणा लेते हुए समाज की पुनर्संरचना के लिए मिल जुल कर काम करें।

आयोजन समिति के अध्यक्ष आर पी शर्मा ने कहा कि गुलामी के दौर में जबकि अन्याय व नफरत का बोलबाला था, ऐसे में सत्य-अहिंसा के सिद्धांतों पर भारत को एकजुट करने का जो अविश्वसनीय कार्य महात्मा गांधी ने कर दिखाया था, कुछ ऐसा ही आज हमें करना होगा। त्रिलोक मिश्रा ने कहा कि आज सांप्रदायिकता का बोलबाला है और नफरत अपनी गहरी पैठ बना रहा है। हमें प्रेम का वातावरण बनाना होगा। इस अवसर पर सूबेदार सिंह यादव, सुरेखा नागवंशी, कपिल द धनंजय यादव, आनंद कुमार ,मदन लाल श्रीवास्तव,वजीहुद्दीन सिद्दीकी और नंदकिशोर सिंह मौजूद थे।

### देवी सेवा गीत के साथ माता का हुआ विसर्जन



**निकुम।** अंचल में नवरात्रि पर पर्व पूरे नौ दिनों तक भक्तिमय रहा। वही महाअष्टमी पर हवन कर नौ कन्या भोजन कराकर सभी की खुशहाली और मंगल कामना की गई। वही पारंपरिक ढंग से देवी सेवा गीत की धुन पर महा आरती कर विसर्जन किया गया। पूरे निकुम सहित अंचल में विसर्जन किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di – Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

छठवीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

: जन्म :
06 जुलाई 1957

: निर्वाण :
3 अक्टूबर 2019

हेल्पलाइन नंबर :
97552-12855
99934-10843
99818-42200
0788-3580983








स्व. सरदार दलबीर सिंह (बीरा सिंह जी)
3 अक्टूबर 2025, शुक्रवार
आज भी आपकी यादें हमें शक्ति और संबल प्रदान करती हैं।
आपके द्वारा दिया गया स्नेह, आपका मार्गदर्शन और आपके जीवन के उच्च आदर्श हमारे लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत हैं।
आपने जो संस्कार और मूल्य हमें दिए, वे केवल शब्दों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हमारे जीवन की दिशा तय करने वाले प्रकाश स्तंभ आज भी हैं। आप भले ही हमारे बीच प्रत्यक्ष रूप से न हों, लेकिन आपकी छाया और आपकी सीख हमेशा हमारे साथ रहकर हमें मार्ग दिखाती रहेगी।
आपकी छठवीं पुण्यतिथि पर आपको स्मरण कर सादर नमन करते हैं।
स्व. सरदार दलबीर सिंह (बीरा सिंह जी) की छठवीं पुण्यतिथि पर उनके स्मृति में
1 शव वाहन और 2 नग बॉडी फ्रीज़र
हमारे द्वारा सर्व समाज की सेवा में समर्पित



श्रद्धांनवत : सरदार इंद्रजीत सिंह (छोटू), हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी (HTC) समस्त परिवार

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


04



सूट पहनना है सीखना, तो जान लें नए दौर की स्टाइल

**सिटी इवेंट**

## पुलिस लाइन में परंपराओं का हुआ निर्वहन, किया हर्ष फायर





■ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने विजय दशमी के दिन की शस्त्र पूजा

**दुर्ग।** पुलिस लाइन प्रशासनिक भवन स्थित उद्यान में विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। शस्त्र पूजन में विजय अग्रवाल ने माता दुर्गा की पूजा की। शस्त्रों की पूजा की। मंत्र उच्चारण किया। पुलिस के आला अफसरों से लेकर सिपाहियों तक शस्त्र पूजा में हिस्सा लेकर शस्त्रों की पूजा कर माता से आशीर्वाद लिया। बुराई का अंत कर अच्छाई पर जीत प्राप्त करने के लिए माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। पुलिस अधिकारियों ने हर्ष फायर किया। कार्यक्रम में सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, हर्षित मेहर, सत्यप्रकाश तिवारी, हेमप्रकाश नायक, चन्द्रप्रकाश तिवारी, विनोद मिन्ज, नीलकंठ वर्मा, पुष्पेन्द्र भट्ट, केशवराम कोशले सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## वरिष्ठ नागरिक को किया गया सम्मानित, भजन की दी प्रस्तुति




■ लायंस क्लब भिलाई पिनेकल ने वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया

**भिलाई।** वृद्धजनों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने और समाज में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व को स्वीकार करने के लिए विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गय। इस अवसर पर समाज को वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सुरक्षा, सम्मान और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

लायंस क्लब भिलाई पिनेकल ने वरिष्ठ नागरिक दिवस भिलाई में स्थित राम शीला की कुटिया वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ भजन करके मनाया। वृद्धजनों ने क्लब सदस्यों द्वारा बनाए गए घर के व्यंजन खीर, आलू सब्जी, पूरी, जलेबी, पापड़, पुलाव, सेब आदि का आनंद उठाया। सदस्यों ने डेटॉल साबुन, तौलिए आदि वृद्धजनों को भेंट की। अध्यक्ष अंजना विनायक, सचिव निधि कुमार, मीना सिंह, उर्मिला ताओरी, उषा चक्रवर्ती, शोभा डोगरा, मंजू अग्रवाल, ममता मुंद्रा ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किये। वृद्धजनों ने मन्त्रमुग्ध होकर इस अवसर का आनंद उठाया।

**लाइव इवेंट**

## रोटरी क्लब के सहयोग से जुनवानी हाई स्कूल में लगा वाटर कूलर



**दुर्ग।** हाई स्कूल जुनवानी में प्राचार्य वर्षा ठाकुर की पहल पर रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर ने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए वाटर कूलर प्रदान किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, अंशुल जैन, अनंत अग्रवाल, मलय जैन, निकेत मेहता की गरिमामयी उपस्थिति रही। संदीप अग्रवाल ने बताया कि उनका क्लब स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने बच्चों से पानी का सदुपयोग करने का आव्हान किया। प्राचार्य वर्षा ठाकुर ने इस प्रेरक पहल के लिए रोटरी क्लब भिलाई की पूरी टीम को विद्यालय परिवार की ओर से तहे दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि आपका सहयोग निश्चित रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। अब विद्यार्थियों को पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ जल उपलब्ध होगा। इसका उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के स्तर पर सकारात्मक प्रभाव होगा।

वाटर कूलर देखकर विद्यार्थियों के चेहरे में प्रसन्नता आ गई। व्याख्याता प्रतिभा बुरहान, निहारिका कर्महे, प्रतिमा भारद्वाज, रूपेश्वरी साहू, बी मैथ्यू, लुबना परविन, संजय यादव, रूखमणि विश्वकर्मा, छात्र आर्यन सिंह, निगम, रजनीश, चंदन, अरमान सहित अन्य मौजूद थे।

● सबसे पहले शाम 7 बजे सेक्टर-2 मैदान में जला रावण, इसके बाद रात 8 बजे रविशंकर स्टेडियम में

# अहंकार के पुतले को जलाकर मनाई विजयादशमी, तीर से नहीं मर रहा था रावण तो पैरों में लगाई आग, 98 जगहों पर आयोजन



**भिलाई-दुर्ग/** विजयादशमी के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न दशहरा ग्राउंड में रावण कुनबे का दहन किया गया। इसके चलते दशहरा मैदान सेक्टर-2, सेक्टर-7, वैशालीनगर, रविशंकर स्टेडियम दुर्ग, बैगापारा मिनी स्टेडियम, पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम सहित अन्य दशहरा स्थलों के आस-पास रोड पर लोगों का जमावड़ा लगा रहा। भिलाई-दुर्ग में हनुमान स्वरूप घूमते नजर आए। रावण दहन के समय प्रत्येक दशहरा ग्राउंड में सैकड़ों हनुमान स्वरूप उपस्थित रहे। आसपास के गांवों से भी लोग ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर रावण दहन देखने पहुंचे। लोगों द्वारा जगह-जगह भंडारा का भी आयोजन किया गया। छोले, हल्वा, कढ़ी-चावल, पोहे बांटे गए। शहर में शांति बनाए रखने के लिए हर जगह पुलिस बल की तैनाती रही। पुलिस विभाग के बड़े अफसरों की निगरानी में रावण दहन का आयोजन किया गया। सबसे अंत में रात करीब साढ़े 10 बजे सेक्टर-7 में रावण दहन हुआ। इससे पहले लगातारा आतिशबाजी होते रही।



दशहरा मैदान सेक्टर-2 में गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी द्वारा विजयादशमी का उत्सव मनाया गया। आयोजन में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह, बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा, संस्था के चेयरमैन आईपीसी मिश्रा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। दशहरा में रावण दहन से पहले हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। जहां सुरक्षा के लिए पुलिस बल, सेवादार और निजी सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहे। मैदान में हनुमान ने घूमघूमकर जयश्री का जयकारा लगाया। मंच से आयोजनकर्ताओं ने दशहरा उत्सव मनाए जाने के बारे में पौराणिक कथाओं से जुड़ी जानकारी दी। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रावण का अंत हमें सिखाता है कि अहंकार की मनुष्य के जीवन में कहीं कोई जगह नहीं है। इस बात को हम सभी को समझना चाहिए। मौके पर मेघनाद और कुंभकरण को भी जलाया गया। यहां दशहरा देखने के लिए लोग बहुत ज्यादा संख्या में पहुंचे। रामलीला का भी आयोजन किया गया, जिसमें राम और रावण के युद्ध को दर्शाया गया। इससे पहले भगवान राम, भाई लक्ष्मण और हनुमान के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर रावण दहन स्थल पहुंचे। रावण और हनुमान के बीच के युद्ध भी देखने को मिला। इसके बाद रावण के पुतले के जला दिया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान का काफिला आगे बढ़ गया। वे अनोखे वेशभूषा में थे। एक बालक को भगवान राम बनाया गया था। शहर के अन्य हिस्सों में रिसाली, वैशालीनगर, जुनवानी, खम्हरिया, शांतिनगर, न्यू खुर्सीपार, बालाजी नगर, टाउनशिप के लगभग सभी सेक्टरों में रावण दहन का कार्यक्रम हुआ। इसी प्रकार दुर्ग में पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम, बैगापारा, पंचशील नगर, रविशंकर स्टेडियम, खेल मैदान जवाहर नगर सहित अन्य जगहों पर विजयादशमी पर्व पर रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को जलाया गया। साथ ही रामलीला का आयोजन किया गया।



### रविशंकर स्टेडियम में 60 फीट के रावण का दहन

रविशंकर स्टेडियम में अपनी गौरवशाली परम्पराओं के अनुरूप रात करीब 8 बजे रावण दहन किया गया। आयोजकों ने बताया कि आयोजन का यह 61 वां वर्ष रहा। राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति द्वारा 60 फीट के रावण का दहन किया गया। इससे पहले अनेकों आकर्षक आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति के संचालक नंदू महोबिया ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा एवं समाजसेवी ड. जगदीश चंद्र मिश्रा द्वारा सन 1964 से विजयादशमी के दिन रावण दहन के कार्यक्रम की शुरुआत की थी, जो जारी है। इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी रावण दहन के लिए राम–लक्ष्मण की शोभायात्र तमेरपारा से रविशंकर स्टेडियम (रावणभाठा) के लिए निकाली गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रमुख रूप से शामिल हुए। संचालक समिति एवं पदाधिकारियों के अलावा शहर के अधिकांश हिस्सों से लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

# वर्तमान समय में हिंदी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग आवश्यक निबंध, कविता पाठ, लेखन के जरिए किया जागरूक

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई ने हर बार की तरह इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया।

हिंदी पखवाड़े के आयोजन को लेकर संस्थान के सभी सदस्यों में काफी उत्साह और उमंग रहा। इस अवसर पर निबंध, कविता पाठ, स्वरचित कविता लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें सभी ने काफी उत्साह से भाग लिया। हिंदी पखवाड़े के दौरान काव्य सम्मलेन एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

■ आईआईटी भिलाई में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन, कवि सम्मेलन में कवियों ने की शिरकत





आईआईटी भिलाई के कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोतर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से हिंदी पखवाड़ा कारगर साबित हुआ है। हिंदी भाषा बातचीत का सबसे सरल और व्यापक माध्यम है, और यह विविध भारत को एकजुट करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पखवाड़े के माध्यम से सभी कर्मचारियों ने ना केवल हिंदी के महत्व को समझा बल्कि उन्हें रोजमर्रा के सरकारी कामकाज को हिंदी में करने के लिए प्रेरणा भी मिली। आईआईटी भिलाई के निदेशक, प्रोफेसर राजीव प्रकाश के मार्गदर्शन में यह पखवाड़ा सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

## चैतन्य झांकियों के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की



**भिलाई।** भिलाई महिला समाज ने सांस्कृतिक महोत्सव में ब्रह्म कुमारी में जाकर दीप प्रज्वलित किया। ब्रह्मकुमारी की बहनों को स्नेह और प्यार दिया ब्रह्म कुमारी की बहनों ने सात देवियों के झांकियों के रूप में दर्शन किया। इस दौरान उषा बावले ने कहा कि स्त्री ही ख़ुद एक सकती है। वह शक्तिस्वरूप है। स्त्रियों को बहुत से रूप में दर्शाकर अच्छा वर्णन किया। समाज की महिलाओं ने चैतन्य झांकी का आशीर्वाद प्राप्त कर शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सोनाली रथ, रीता तिवारी, रुक्साना शेख़, सुधा शर्मा, लक्ष्मी पटेल सुषमा सलवटकर उपस्थित थे।

■ भिलाई महिला समाज से जुड़ी महिलाएं पहुंची चैतन्य झांकी के दर्शन को

**स्वस्थ जीवनशैली को लेकर आयोजन, ओडिशा, महाराष्ट्र और प्रदेशभर के एथलिट होंगे शामिल**

# फिटनेस का संदेश देने 5 अक्टूबर को रनैथॉन, 10 साल से लेकर 70 साल के बुजुर्ग लगाएंगे दौड़, मंत्री, आईजी, कलेक्टर भी होंगे शामिल

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** समाजसेवी एवं रचनात्मक संस्था यंग इंडियंस दुर्ग चैप्टर द्वारा 5 अक्टूबर को अनंत्या ग्रीन्स पुलगांव में रनैथॉन-2025 का भव्य आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में 10 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के बुजुर्ग दौड़ कर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देंगे। इस दौड़ में करीब 1250 लोग भाग लेंगे। प्रतिभागियों को लेकर गुरुवार को टी शर्ट एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग में किया गया। समाग्री वितरण में यंग इंडियंस की पूरी टीम जुटी रही।समाग्री वितरण के दौरान अग्रवाल समाज दुर्ग के संरक्षक सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, महासचिव ललित सक्सेरिया, यंग इंडियनस दुर्ग चैप्टर के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक सुराना, सदस्य वेदांत कानाबार समेत गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यंग इंडियन्स दुर्ग चैप्टर के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों में आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।



### लोगों को हेल्थ के लिए जागरूक करने की गई शुरुआत

गौरव ने बताया कि यह रनैथॉन स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। आज युवा टीवी और मोबाइल में अपना अधिक वक्त गुजार रहा है। इस आयोजन में शामिल होकर वे टीवी मोबाइल की दुनिया से कुछ समय के लिए दूर रहकर अलग ही अनुभव करेंगे। रनैथॉन-2025 अंतर्गत 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित है। प्रतिभागियों को रनैथॉन में शिवनाथ नदी के मनमोहक स्थल के किनारे दौडने का अनूठा अनुभव मिलेगा। तीनों श्रेणियों के प्रतिभागी अनंत्या ग्रीन्स से सुबह 6 बजे दौड़ प्रारंभ करेंगे और समापन भी वापस अनंत्या ग्रीन्स में होगा। प्रतियोगिता में कुल एक लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। यह इवेंट पूरी तरह हाईटेक होगा। रनैथॉन में प्रतिभागियों की टी-शर्ट में एक चिपकार्ड लगाया जाएगा। दौड़ वाले मार्ग पर प्रतिभागियों के एक-दूसरे चिप के सेंसर के संपर्क में आने पर प्रतिभागी की दौड़ की स्थिति आसानी से जानी जा सकेगी। जिससे प्रतिभागियों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के चयन में पूरी पारदर्शिता बनी रहेगी। प्रतिभागियों को आयोजक यंग इंडियन्स द्वारा चेस्ट नंबर, टी-शर्ट, मेडल, गुडी बैग, समेत अन्य सामग्री उपलब्ध करवाए गए हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### यह दौड़ सामुदायिक भावना का उत्सव होगा

रनैथॉन-2025 के आयोजन में यंग इंडियन्स दुर्ग चैप्टर को भावभूमि महावीर ग्रुप, मेगा गंगा ग्रुरप, केपीएस एल्यूमिनियम एंड ग्लास, पद्मावती फोर्स, प्रतीक टाईल्स एंड मार्बल का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि रनैथॉन का आयोजन केवल एक मैराथन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, ऊर्जा और सामुदायिक भावना का उत्सव है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रोफेशनल ट्रेनर्स के साथ जुम्बा वार्म-अप सेशन, लाइव डीजे म्यूज़िक और पारंपरिक ढोल की धुन का विशेष माहौल मिलेगा। यंग इंडियन्स, कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है। इस प्रतियोगिता में 1200 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल होंगे।



सिटी इवेंट

## परमेश्वरी मंदिर से ज्योत जंवारा विसर्जन को निकली शोभायात्रा



**दुर्ग।** देवांगन सामाजिक भवन गया नगर में स्थापित परमेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। 36 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया। प्रत्येक दिन सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा माता की पूजा अर्चना की गई। इसी कड़ी मे आज महानवमी के अवसर पर शोभायात्रा के माध्यम से सेवा मंडली एवं समाजिक पदाधिकारियो की उपस्थिति मे ज्योति कलश का विसर्जन कोष्टा तालाब गयानगर मे किया गया। विसर्जन के बाद 9 कन्या भोज का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। महिला संगठन ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष राकेश देवांगन ने बताया की पिछले 20 वर्षों से चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि पर्व मे मनोकामना ज्योत जलाया जाता है, जिससे की भक्त जनों की अनेक मनोकामना पूर्ण हुई है। इस अवसर पर सचिव दुष्यंत देवांगन, मंदिर प्रभारी दीपिका देवांगन, कोषाध्यक्ष भूषण देवांगन, महिला अध्यक्ष सुनिता देवांगन, सचिव खिलेश्वरी देवांगन, कोषाध्यक्ष रिंकी देवांगन, हेमा देवांगन, अरुण देवांगन, कीर्ति कुमार, हरि देवांगन, दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, परदेशी देवांगन, अश्वनी देवांगन, हेमंत देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।



● दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू, देर रात तक निकलती मां दुर्गा की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

# दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन : बंगाली महिलाओं ने खेला सिंदूर, दर्पण विसर्जन के बाद मां दुर्गा को दी विदाई

**भिलाई।** नवरात्र पर्व की धूम का क्रम गुरुवार को पूरी तरह से थम गया। विजयादशमी पर भिलाई-दुर्ग की सभी कालीबाड़ी में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर-4, सेक्टर-1, भिलाई-चरोदा, कर्मचारी नगर, स्टील कॉलोनी, बोरसी, पंचशील सेक्टर सहित अन्य जगहों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जहां भक्तों ने मां दुर्गा को अंतिम भोग अर्पित कर आरती की। इस अवसर पर कई पारंपरिक अनुष्ठान किए गए। सबसे पहले श्रद्धालुओं ने माँ की कृपा को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से दर्पण विसर्जन किया।

इसके बाद अलग-अलग पंडालों मंच पर पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें महोत्सव के दौरान हुई शंख वादन, नृत्य, गीत-संगीत, चित्रकला और निबंध लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। उन्हें स्मृति-चिह्न और उपहार भेंट किए गए। इसके उपरांत विवाहित महिलाओं ने सिंदूर खेला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अपने सुहाग व परिवार के कल्याण की कामना की। बेटी बटाओ बेटी पढ़ाई की जिला संयोजिका बानी सोनी ने बताया कि शाम को मां दुर्गा की प्रतिमाओं की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। ढाक की गूंज, शंखनाद और 'जय मां दुर्गा' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तगण पारंपरिक नृत्यों और गीतों के साथ मां को विदा करने निकले। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नमन किया। इधर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो गया। देर रात तक प्रतिमाओं का शिवनाथ नदी तट पर विसर्जन किया गया।





### महिलाओं ने मां दुर्गा को अर्पित किया सिंदूर





महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अपने सुहाग व परिवार के कल्याण की कामना की। अंत में सभी प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। मां को विदा करते समय भक्तों की आंखों में दुःख नजर आया, लेकिन अगले साल मां दुर्गा के पुनः आने की कामना और उत्साह ने वातावरण को आस्था से भर दिया। कार्यक्रम में शामिल बंगाली समाज की महिलाओं ने बताया कि विजयादशमी केवल मां दुर्गा को विदा करने का दिन नहीं है। यह शक्ति, विजय और नए संकल्पों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा यह संदेश देती हैं कि अन्याय पर न्याय और अंधकार पर प्रकाश की ही विजय होती है।

### हुडको व हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में विशेष आयोजन



सिंदूर खेला और मां दुर्गा की आराधना को लेकर हुडको और हाउसिंग बोर्ड में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बंगाली समाज की महिलाएं इस दौरान थिरकते नजर आईं। उन्होंने माता की आराधना पारंपरिक तरीके से की। सिंदूर लगाकर एक दूसरे को इस महापर्व की शुभकामनाएं दी। आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसके साथ ही बंगाली दुर्गोत्सव के समापन की घोषणा की गई।

### विराजित प्रतिमाओं का भी विसर्जन शुरू



दुर्गा पंडाल में विराजित प्रतिमाओं का भी विसर्जन देर शाम शुरू हो गया। सेंट्रल एवेन्यू सड़क पर देर शाम चल समारोह शुरू हुआ, जिसमें शहर के लगभग सभी हिस्सों की प्रतिमाएं आकर्षक झांकियों के साथ गुजरीं। प्रायः प्रतिमाओं का शिवनाथ नदी तट में विसर्जन किया गया। जानकारी के मुताबिक कुछ जगहों की प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं हो पाया। खबर है कि उन्हें अगले एक से दो दिन में विसर्जत किया जाएगा।

स्पोर्ट्स लाइव

## कार्पोरेट कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, फाइनल मुकाबला 5 को



**भिलाई।** स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भिलाई ने कॉर्पोरेट जगत के पेशेवरों के बीच खेल भावना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित अपने पहले'स्पर्श कॉरपोरेट कप सीजन 01 की शुरुआत की। 4 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट सेक्टर 10 बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में गुरुवार को शुरू हुआ। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, पार्षद अभय सोनी, अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह, स्पर्श अस्पताल के डायरेक्ट डॉ. संजय गोयल, वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. आदर्श त्रिवेदी ने भाग लिया। स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय गोयल ने कहा कि स्पर्श हॉस्पिटल का मानना है कि स्वास्थ्य सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक कल्याण भी है। यह कप कॉर्पोरेट पेशेवरों को एक मंच प्रदान करता है।

**5 अक्टूबर को खेला जाएगा फाइनल मैच :** पहले दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिला। आने वाले दिनों में लीग मैच, सेमी-फाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। फाइनल मैच 5 अक्टूबर को खेला जाएगा, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर, बालाजी ब्लड बैंक एवं डेनिस एक्वा पल्स का विशेष योगदान रहा।

की गई साफ-सफाई

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एक पेड़ मां के नाम का हुआ समापन



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एक पेड़ मां के नाम का भव्य समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से आरंभ होकर 2 अक्टूबर तक निरंतर विभिन्न स्थलों पर चलाया गया। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक आंदोलन बनाना था। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में शास्त्री की प्रतिमा की सफाई की गई। अस्पताल परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूरे परिसर में सफाई की गई। इस अवसर पर अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के चरण धोकर, गमछा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। यह सम्मान उनके सतत स्वच्छता योगदान के प्रति आभार स्वरूप अर्पित किया गया। इसके बाद जलेबी चौक, कैंप-2 में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रमुख वक्ताओं में सांसद विजय बघेल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा सेवा और स्वच्छता को समर्पित रहता है। यह सामाजिक जागरूकता का अभियान है। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि देश को स्वच्छ रखने वाले हमारे सफाई कर्मचारी वास्तव में अभिनंदन के पात्र हैं। आज उन्हें सम्मानित कर हम गौरवान्वित हैं। कार्यक्रम में प्रेमलाल साहू, योगेंद्र सिंह, स्वीटी कौशिक, विनोद देवांगन, अमित मिश्रा, भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोज राज सिन्हा, डॉ. पीयाम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

सांसद विजय आयोजन में हुए शामिल

## जलाराम मंदिर नवरात्रि पर डांडिया और गरबा, विजेता किए गए पुरस्कृत



**दुर्ग।** सिविल लाइन्स गौरव पथ स्थित जलाराम मंदिर में लोहाणा गुजराती समाज के नवरात्रि महोत्सव उमंग 2025 का समापन हुआ। बता दें कि नौ दिनों तक सतरूपा मां अम्बे की स्थापना ज्योत जलाकर गुजरात का लोक नृत्य गरबा डांडिया का आयोजन किया गया। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि मातारानी प्रसन्न होकर गरबा स्थल में अवश्य आती हैं। अपने भक्तों को मंगल आशीर्वाद देती हैं। इन नौ दिवसों में गरबा के विभिन्न प्रारूप देखने को मिलते है लोक रूप चौकड़ी, छकड़ी, पंचिया, हीच और तीन ताली की थाप से समूचा परिसर गुंजायमान हो उठा। अध्यक्ष राजेश भाई राजा और महिला मंडल प्रमुख पूनम बेन ने बताया कि मंदिर में मां अम्बे की अविरल स्थापना की हुई है, जिसकी 365 दिन नित्य पूजा होती है। महिलाएं व्रत रखकर मातारानी की आराधना करती हैं। जिला दुर्ग के सांसद विजय बघेल भी माता का आशीर्वाद लेने पहुंचे। महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत नौ दुर्गा की जीवंत झांकी से अभिभूत हो गए, जिसमें मंडल की ही नौ बहनों ने माता रूप धारण किया था। लोहाणा महापरिषद द्वारा लिटिल मास्टर्स, गरबा प्रिंस-प्रिंसेस-किंग,क्वीन, लेजेंड्स गरबा आइकॉन और बेस्ट कपल जैसी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम में किशन मिराणी, शैलेष कारिया, यशेष रायचुरा, प्रतिनिधि हितेंद्र तन्ना, मनीष पारेख, प्रकाश पारपाणी और प्रकाश पुजारा उपस्थित रहे।

सिटी इवेंट

## दशहरा मैदान खुर्सीपार में रावण दहन आज, राज्यपाल होंगे शामिल



**भिलाई।** जागृति दशहरा उत्सव समिति श्री राम चौक दशहरा मैदान में 3 अक्टूबर को शाम 6 से रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।आयोजन का यह 12वां वर्ष है। खुर्सीपार के लोगों को काकीनाड़ा की आतिशबाजी, लोकमाया सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सहित 50 फीट के रावण के पुतले का दहन को देखने का मौका मिलेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव ने बताया की श्री राम चौक के दशहरा मैदान में रावण दहन करने की परंपरा विगत 11 सालों से यहां पर निभाई जा रही है। 12 वें साल में भी यहां पर यह परम्परा निभाई जायेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल, विशेष अतिथि पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, खादी ग्राम उद्योग के चेयरमैन राकेश पांडे, भारतीय जनता पार्टी भिलाई अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन उपस्थित रहेंगे। समिति अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह,जयशंकर चौधरी, राकेश श्रीवास्तव. सत्यनारायण व्यास, जोगिंदर शर्मा, मनजीत सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन में आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

साध्वी दुर्लभमति ससंघ पहुंची केंद्रीय जेल, धर्मसभा का किया आयोजन

कार्नर न्यूज

# महिला बंदिनों को उपदेश, अपराध से तौबा कर समाज की मुख्य धारा से जुड़कर धर्म के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**दुर्ग।** विजयदशमी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और अहिंसा दिवस पर दिगंबर जैन समाज ने केंद्रीय जेल दुर्ग में मंगल प्रवचन का आयोजन किया। साध्वी दुर्लभमति ने महिला बंदीघर में मंगल प्रवचन दिया। उन्होंने महिलाओं से अपने अमृत वचन में कहा कि आप प्रतिदिन अपने जीवन में क्षमा मार्ग का उपयोग करें। क्षमा सबसे उत्तम क्षमा मार्ग है। उन्होंने इसका संकल्प कराया। प्रतिदिन इसकी एक माला फेरने कहा। रुक्मणी गौशाला में समाज के भक्तों ने गौ माता की सेवा की। साध्वी माता के सानिध्य में नियमों के महामंत्र का पाठ समस्त गौवंश को सुनाया। सभी के मंगल स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों ने गौ माता को फल फ्रूट का वितरण किया। इस अवसर पर साध्वी माता को श्रीफल अर्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमेश बाकलीवाल, इंदर चंद जैन, स्नेहिल जैन, नीना जैन, सुनीता जैन, गंबर, संजय बोहरा, प्रदीप जैन, अशोक बाकलीवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### भगवान कृष्ण और अहिंसा परमो धर्म का गूंजा जयकारा

केंद्रीय जेल में भगवान कृष्ण और अहिंसा परमो धर्म का जयकारा गूंजा। साध्वी ने प्रवचन में कहा कि आप सभी किसी कारणवश गलतियों से यहां पर आए हैं। आज आपसे मिलकर मुझे प्रसन्नता हुई। आप सभी अपने जीवन में ईमानदारी से नेक कार्य करें। गलती की कोई बात नहीं, लेकिन अपनी गलतियों को न दोहराए। अपने अपराधों की क्षमा मांगें। भगवान आपको अवश्य क्षमा कर देंगे। उन गलतियों को दूर करके एक इंसान बन सकते हैं। इंसानियत का जीवन में पालन करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मनीष संबाकर, अजय साव, रश्मि चौधरी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### धर्म संदेश के साथ दी जीवन जीने की प्रेरणा

इस अवसर पर बंदियों को प्रवचन के बाद धर्म संदेश और जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने कहा कि जो भी भाई-बहन किसी कारण से यहां बंद है, वे मन में किसी के प्रति राग-द्वेष का भाव नहीं रखें। सोच सदा सकारात्मक रखें। अपने धर्म के प्रति श्रद्धावान रहें। मन में नकारात्मक विचारों को स्थान नहीं दें। बुरे वक्त में जो द्वेष व बदले की भावना नहीं रख समभाव रखता है, उसके दुःख के दिन जल्द समाप्त हो जाते हैं। साध्वी ने गीतों के माध्यम से बंदियों को प्रेरक संदेश दिया। जाप कराया। जेल अधीक्षक ने साध्वी मंडल का अभिनंदन किया।

### अपराध से तौबा कर नया जीवन जीने की नसीहत

साध्वी ने कैदियों को जीवन में सुधार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत अपराध नशे की लत के कारण होते हैं। उन्होंने कैदियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। जब तक व्यक्ति अपने अपराध को स्वीकार नहीं करेगा, तब तक सुधार संभव नहीं है। उन्होंने कैदियों को काम, क्रोध, लोभ और मोह से दूर रहने का सुझाव दिया। भगवान की भक्ति और आत्म-चिंतन से अपराधों से मुक्ति मिल सकती है। महिला कैदियों से रिहाई के बाद समाज और देश के लिए अच्छे कार्य करने का आग्रह किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की टीम, कृति कप्तान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर वुमेंस टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। यह टीम 08 अक्टूबर से बीसीसीआई द्वारा ग्वालियर में आयोजित सीनियर वुमेंस टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। टीम की कमान बीएसपी की कृति गुप्ता को सौंपी गया है। टीम पूल सी में है, जहा उन्हें सात मुकाबले खेलने होंगे। घोषित टीम में रायपुर से आंशी अग्रवाल, अनम खान, प्रोफेशनल खिलाड़ियों में अदिति पवार, प्रीति यादव और तरन्नुम पठान, बिलासपुर से ऐश्वर्या सिंह, प्रतिज्ञा सिंह, शिवी पांडे, सृष्टि शर्मा दुर्ग से कल्पना पांडे, राजनादगांव से महक नरवसे, नेहा बड़वाईक, भिलाई से शिवानी कृष्णा विकेट कीपर, यीशा भारती देवांगन विकेटकीपर, सरगुजा से उर्मिला हरिना शामिल हैं। 8 अक्टूबर से ग्वालियर में शुरू होने होने वाले मैच में छत्तीसगढ़ की टीम अलग-अलग दिनों में विभिन्न टीमों के विरुद्ध मैदान में उतरेगी। इनमें 8 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश से, 9 अक्टूबर को हरियाणा से, 11 अक्टूबर को ओडिशा से, 13 अक्टूबर को हैदराबाद से, 15 अक्टूबर को त्रिपुरा से, 17 अक्टूबर को कर्नाटक से और 19 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश से मुकाबला होगा।

### क्रिकेट को समूचे छत्तीसगढ़ में विस्तार देगा सीएससीएस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की वार्षिक आम सभा में आगामी सत्र के लिए संघ की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमे वी मोहनदास प्रदेश संघ के अध्यक्ष नियुक्त हुए। प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी विंटेश अग्रवाल संभालेंगे। नयी कार्यकारिणी ने छत्तीसगढ़ में क्रिकेट के विकास को और गति देने के उद्देश्य से पूरी प्रतिबद्धता से काम करने की बात को दोहराई है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष गुरुचरण सिंह मखीजा, संयुक्त सचिव अजय तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता, शीर्ष परिषद सदस्यों में अखिल कुमार धगट, योगेश विठलानी, मनजीत सिंह सीरे, अनुराग शर्मा, अनूप चड्ढा (पूर्ण जिला सदस्य प्रतिनिधि), शासी परिषद में एवी भास्कर राव शासी परिषद (अध्यक्ष) और विवेक चीभा शासी परिषद सदस्य शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा जूडो 5 स्वर्ण के साथ 8 पदक



**रायपुर।** 25वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा जूडो प्रतियोगिता दुर्ग में आयोजित की गई। जिसमे जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण के साथ 8 पदक प्राप्त किए है। इनमें चंद्रप्रकाश यादव -35किलो (गोल्ड), चंचल वर्मा -44किलो (गोल्ड), कोमल दास +44 किलो (गोल्ड), अंजलि ठाकुर -70किलो (गोल्ड), संजना देवांगन -36किलो (गोल्ड), दामिनी निषाद -44किलो (सिल्वर), मेहुल ध्रुव -40किलो (सिल्वर) और कपिल ध्रुवे +50 किलो (सिल्वर) शामिल हैं। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, संघ के सचिव शम्भू सोनी, हैप्कीडो के संरक्षक कैलाश बलानी, बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ विकास अडील, परमानन्द सचदेव, आर के फूटान, मुरलीधर राव, संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, सचिव पी किरन, सहसचिव अभय केशरवानी, सदस्य राहुल शर्मा, कोच यशवंत ध्रुव आदि ने शुभकामनाये दी है।

### राष्ट्रीय पेंचाक सिलाट में छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान



**रायपुर।** कर्नाटक के कोप्पल सिटी में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 26 से 28 सितंबर को इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन एवं कर्नाटक संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश के 1400 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण, 8 रजत एवं 18 कांस्य पदक सहित कुल 34 पदक प्राप्त कर प्रि-टीन कैटेगरी मे पूरे भारतवर्ष में तीसरा स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ टीम में प्रदेश के 6 जिलों के 55 खिलाड़ी शामिल थे। राज्य पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ के महासचिव शेख समीर ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम को आशा अनुरूप पदक प्राप्त हुए है, पहली बार टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त कर ट्राफी हासिल की है। पुरुष टीम कोच सूर्यकांत वर्मा, शेख अरबाज अली, महिला टीम कोच श्रीमती।सबीहा शेख, लिनीमा साहू, राष्ट्रीय निर्णायक सुश्री ममता पाण्डेय शामिल हैं।

## ओवरईटिंग हमारी जीवनशैली की सबसे बड़ी चुनौती

# आज समस्या कम नहीं, बल्कि जरूरत से ज्यादा खाने की है, ज्यादातर परेशानियां इसकी वजह से हो रही

खाना शरीर के लिए एक ईंधन की तरह काम करता है। इसलिए, हर व्यक्ति को अपने शरीर की जरूरत से अनुसार खाना जरूर खाना चाहिए। लेकिन ऐसे कई लोग हैं, जो अक्सर ओवरईटिंग करते हैं। जिसके कारण उन्हें कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। ओवरईटिंग करने से ना केवल आपका वजन बढ़ने लगता है, बल्कि पेट फूलना, खाना सही तरह से ना पचने व अन्य कई तरह की समस्याएं होती हैं।

कई लोगों को यह पता ही नहीं होता है कि ऐसी कौन सी चीजें हैं, जो उन्हें ओवरईटिंग करने के लिए ट्रिगर करती हैं। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि आप पहले ओवरईटिंग करने के पीछे के कारणों के बारे में जानें, ताकि आप खुद को जरूरत से ज्यादा खाने से रोक पाएं। आपको ओवरईटिंग करने के कारणों के बारे में जानना जरूरी है।



### अपनी प्लेट के कारण ओवरईटिंग करना

आपको शायद जानकर हैरानी हो, लेकिन कभी-कभी आपकी ओवरईटिंग के पीछे का कारण आपकी प्लेट भी हो सकती है। कई बार हम अपनी किचन में बड़ी साइज की प्लेट रखते हैं। लेकिन ये प्लेट्स आपको जरूरत से ज्यादा खाना प्लेट में रखने के लिए प्रेरित करती हैं। जिसके कारण आप ओवरईट करते हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप अपनी प्लेट के साइज पर ध्यान दें। छोटी साइज की प्लेट आपको अधिक खाने से रोकती है।

### इमोशनल ईटिंग करना

यह एक बेहद ही आम वजह है ओवरईटिंग करने की। कई बार लोग तनाव, उदासी, दुख या अकेलेपन जैसी नेगेटिव फीलिंग्स (वीकेंड पर ओवरईटिंग) से निपटने के लिए खाने में अपनी खुशी ढूंढते हैं। ऐसा करने से आपको भले ही कुछ वक्त के लिए अच्छा लगे, लेकिन इससे आपको ओवरईटिंग की आदत पड़ जाती है।


### सोशल प्रेशर होना

कई बार लोग सोशल प्रेशर के कारण भी ओवर ईटिंग करते हैं। आपने नोटिस किया होगा कि अक्सर पार्टीज या फिर सोशल फंक्शन में अक्सर लोग आपको अधिक खाने के लिए प्रेशराइज करते हैं। ऐसे में आप चाहकर भी उन्हें ना नहीं कह पाते हैं, जिससे आप अमूमन ओवरईट कर लेते हैं।

### माइंडलेस ईटिंग करना

जब भी आप माइंडफुल ईटिंग करते हैं तो ऐसे में आप अपने खाने पर नजर रखते हैं। लेकिन कई बार आप माइंडलेस ईटिंग करते हैं या फिर खाते समय (हेल्दी सलाद) उनका ध्यान अपनी प्लेट नहीं, बल्कि टीवी, कंप्यूटर या फिर फोन पर होता है। ऐसे में पेट भरने का अहसास ही नहीं होता है। यह देखने में आता है कि इस स्थिति में अक्सर लोग ओवरईटिंग करते हैं।

### मील्स को स्किप करने की आदत



अगर आप अक्सर काम के चक्कर में या फिर अन्य वजहों से मील स्किप करते हैं तो यह काफी हद तक संभव है कि आप अपनी अगली मील के दौरान जरूरत से कुछ ज्यादा ही खा लें। इसलिए, कोशिश करें कि आप दिनभर में अपने सभी मील लें। तीन मेन मील्स के अलावा मिड मील्स को भी जरूर लें। इससे आप हर मील में केवल उतना ही खाएंगे, जितना कि आपको वास्तव में खाना चाहिए।





## कंट्रोल करना है थायराइड तो डाइट में जरूर शामिल करें जरूरी नट्स

आज की इस भागदौड़ भरी व्यस्त जिंदगी में हर दूसरा व्यक्ति थायराइड की समस्या से परेशान है। थायराइड एक तितली के आकार की ग्लैंड होती है जो गर्दन के सामने होती है। इसी ग्लैंड में गड़बड़ी होने के कारण थायराइड की समस्या होती है। ये ग्लैंड एक खास तरह का हार्मोन निकालता है जो हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म के लिए जिम्मेदार होता है। अक्सर खराब लाइफस्टाइल के चलते ये बीमारी होती है।

थायराइड को कंट्रोल मे रखना काफी जरूरी है ऐसे में लोग अलग अलग तरह के नुस्खे अपनाते हैं। आज हम आपको हेल्थ एक्सपर्ट रिया वाही के बताए एक खास तरह के नट्स (ब्राजील नट्स) के बारे में जानकारी दे रहे हैं जो थायराइड कंट्रोल में रखने में बहुत फायदेमंद है।

### क्या ब्राजील नट्स से थायराइड कंट्रोल होता है?

डायटीशियन रिया वाही थायराइड को कंट्रोल करने



के लिए ब्राजील नट्स खाने की सलाह देती हैं। ये एक बहुत ही खास तरह का नट्स है जिसका स्वाद मक्खन दार और नटी होता है। दरअसल ब्राजील नट्स एक सेलेनियम रिच फूड्स है जो थायराइड की समस्या के इलाज मे काफी उपयोगी माना जाता है।

थायराइड ग्लैंड के टिश्यू में सबसे ज्यादा सेलेनियम पाया जाता है। यह थायराइड को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाता है और थायराइड हार्मोन के प्रोडक्शन में अहम भूमिका निभाता है। ये मेटाबॉलिज्म (मेटाबॉलिज्म से जुडी जरूरी बातें) और थायराइड के कार्य को नियंत्रित करने में भी मददगार हो सकता है। ये इतना असरदार होता है कि इसका सेवन थोड़ी मात्रा मे करने से ही फायदा मिल सकता है।

### ब्राजील नट्स के अन्य फायदे?

स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद मिलती है। हृदय रोग का जोखिम कम होता है। ब्रेन हेल्थ में सुधार करता है। (ब्रेन हेल्थ के लिए फायदेमंद है ये हर्ब) इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़िया होता है। शरीर में सूजन को करता है। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है,तो हमें आर्टिकल के नीचे दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



## वास्तु अनुसार करें रसोई की आंतरिक व्यवस्था ताकि रहे अच्छी सेहत और आए सुख समृद्धि

वास्तु शास्त्र का मूल आधार पंचतत्वों (पृथ्वी,जल,आकाश,अग्नि,वायु) का संतुलन है, जो सुखी और समृद्धशाली जीवन जीने के लिए अति आवश्यक है, इनमें असंतुलन होने से नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। वास्तु के इन नियमों का पालन न करने पर व्यक्ति विशेष का स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि उसके आर्थिक और सामाजिक पक्ष पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य और उनके जीवन की खुशहाली के लिए यह जरूरी है कि आपके घर में रसोई भी वास्तु सम्मत हो। रसोई, घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। हमारे बीच में यह गलत प्रचलन है कि हम मकान बनवाते समय रसोईघर को कम स्थान देने की सोचते हैं। जबकि उसका खुला-खुला वातावरण रहना अत्यंत ज़रूरी है क्योंकि जितने उपकरण तथा सामग्री रसोईघर में होती है उतना किसी अन्य जगह नहीं।

### सही दिशा में हो रसोई

वास्तु की मानें तो घर में अग्नितत्व की दिशा आग्नेय कोण(दक्षिण-पूर्व) में रसोई का निर्माण होना चाहिए। आग्नेय दिशा,अग्नि के रजस गुण के कारण रसोई लिए उपयुक्त मानी गई है। अगर इस दिशा में इसे बनाना संभव नहीं है, तो उसे केवल उत्तर-पश्चिम भाग में बना लें क्यों कि दक्षिण-पूर्व (आग्नेय) एवं उत्तर-पश्चिम(वायव्य) कोण में रजस ऊर्जा का शत-प्रतिशत प्रभाव रहता है। ये दोनों क्षेत्र खाना



पकाने, खाने और वार्तालाप करने जैसी गतिविधियों के लिए उत्तम माने गए हैं। हमेशा पूर्व, उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में रसोई के दरवाज़े बनाएं।

### ऐसी हो रसोई की व्यवस्था

यदि आपके घर में रसोई वास्तु सम्मत दिशाओं में बनी हुई न होकर और किसी दिशा में बनी हुई है तो ऐसे में आप बिना तोड़-फोड़ के रसोई की आंतरिक व्यवस्था को वास्तु के अनुरूप करके वास्तुदोष को दूर कर सकते हैं। रसोई घर में चूल्हा आग्नेय कोण में रखना चाहिए और खाना पकाने वाले का मुख पूर्व दिशा की ओर होना भी आवश्यक है,इससे धन की वृद्धि तथा स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

पीने योग्य जल का भंडारण व हाथ धोने के लिए नल ईशान कोण में होना चाहिए। रसोई में सिंक यानी कि बर्तन धोने की दिशा के लिए उत्तर-पश्चिम दिशा शुभ मानी गई है। टोस्टर,गीजर या माइक्रोवेव,ओवन आग्नेय कोण में रखना आपके लिए लाभदायक होगा।

## बालों को झड़ने से रोकने के लिए करें ये योगासन, मिलेंगे काले और घने केश



किसी भी व्यक्ति की सुंदरता का एक कारण उसके बाल होते हैं। ऐसे में महिला और पुरुष दोनों ही काले और घने बाल चाहते हैं लेकिन बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। कुछ तरीके घर पर भी अपनाकर बालों को काला, घना बनाया जा सकता है।

सबसे पहले तो जीवनशैली और खानपान में सुधार करें। वहीं कुछ योगासनों के अभ्यास की आदत डालें। जिन लोगों को बाल झड़ने की शिकायत है, वह कुछ खास योगासन कर सकते हैं।

**शीर्षासन:** शीर्षासन के अभ्यास से सिर की ओर रक्त प्रवाह बेहतर तरीके से होता है और बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। जिन लोगों के बाल झड़ रहे हैं, बेजान हैं या बाल सफेद हो रहे हैं, उन्हें शीर्षासन का अभ्यास करना चाहिए। तनाव को कम करने के लिए शीर्षासन का अभ्यास किया जा सकता है। इस आसन को करने के लिए दोनों हाथों को सिर के पीछे ले जाते हुए नीचे झुकें और सिर को नीचे रखें। शरीर का संतुलन बनाते हुए पैरों को ऊपर की ओर ले जाएं। सिर के बल खड़े होते हुए संतुलन बनाकर सीधे हो जाएं।

**बालासन :** बालासन के अभ्यास से पेट संबंधी समस्याओं और तनाव से राहत पाई जा सकती है। पेट की समस्या और तनाव के कारण ही बाल झड़ने लगते हैं। इसलिए बालों की ग्रोथ और घने करने के लिए बालासन फायदेमंद हो सकता है। इस आसन को करने के लिए घुटनों को मोड़कर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब हाथों को ऊपर की ओर ले जाते हुए गहरी सांस लें। फिर सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं। इस अवस्था में सिर जमीन पर लगा रखें और पेट जांघों पर रखें।

**त्रिकोणासन:** अगर समय से पहले बाल सफेद हो रहे हैं, बालों में रूखापन है और बाल बहुत अधिक झड़ने के कारण पतले लगते हैं तो त्रिकोणासन का अभ्यास करें। इस आसन को करने के लिए दोनों पैरों को कुछ दूरी पर रखकर खड़े हो जाएं। अब हाथों और कंधों को सीध में रखते हुए ऊपर उठाएं।

## कार्नर न्यूज

## अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर आप पा सकते हैं सकारात्मक परिणाम

# अपने मस्तिष्क को समय से पहले बूढ़ा होने से बचाएं, कोशिश करेंगे तो दिखने लगेगी सफलता

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विशेषज्ञ सभी लोगों को स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन के साथ रोजाना रात में 6-8 घंटे की नींद पूरी करने की सलाह दी है। अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए जरूरी है। शोधकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों के रात की नींद पूरी नहीं होती है उनमें ब्लड प्रेशर के साथ कई प्रकार की अन्य क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। सोना हमारी सेहत के लिए कितना जरूरी है इसको लेकर किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने बड़ा दावा किया है। शोधकर्ताओं ने बताया, अच्छी नींद हमारे दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए भी बहुत आवश्यक है। नींद, मस्तिष्क के बेहतर स्वास्थ्य और कामकाज को बनाए रखने और इसकी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नींद के दौरान मस्तिष्क विभिन्न आवश्यक प्रक्रियाओं से गुजरता है जो संज्ञानात्मक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण को प्रभावित करती हैं। यानी कि अगर आपको अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखना है तो इसके लिए नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।



### अनिद्रा की समस्या और मस्तिष्क से संबंधित विकार

हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन लोगों को अनिद्रा या नींद से संबंधित बीमारियां होती हैं उनके मस्तिष्क की क्षमता समय के साथ कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। नींद की कमी संज्ञानात्मक शिथिलता से जुड़ी है, यानी कि इसके कारण समय के साथ आपके मस्तिष्क के काम करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इनसोम्नियाक माउस मॉडल का उपयोग करके किए गए इस अध्ययन में पाया गया है कि संज्ञानात्मक कार्यों को ठीक रखने के लिए जरूरी है कि आप नींद की गुणवत्ता को ठीक रखें।

### मस्तिष्क के लिए जरूरी प्रोटीन के बारे में पता चला

अमेरिकन केमिकल सोसायटी के जर्नल ऑफ प्रोटीन रिसर्च में प्रकाशित इस अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने एक सुरक्षात्मक प्रोटीन प्लियोट्रोफिन या पीटीएन की पहचान की है जो मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए बहुत आवश्यक है, हालांकि नींद की कमी की स्थिति में इसका स्तर भी कम होने लग जाता है। पीटीएन को तंत्रिकाओं की सेहत, हड्डी के विकास, सूजन, कैंसर मेटास्टेसिस और ऊतकों की मरम्मत के लिए भी आवश्यक पाया गया है।

### मस्तिष्क से संबंधित विकारों को कैसे कम करें?



अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने नोट किया कि पीटीएन की मात्रा की कमी की स्थिति में मस्तिष्क में स्मृति और सीखने के लिए जिम्मेदार हिप्पोकैम्पस कोशिकाएं मरने लगती हैं। अल्जाइमर और अन्य न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों में भी इस प्रोटीन की मदद से सुधार करने के आसार हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर आप अच्छी नींद लेते हैं तो यह इन कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मददगार है और मस्तिष्क से संबंधित विकारों को भी कम कर सकती है।

### नींद में कैसे करें सुधार?

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कहा, नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए रात की नींद पर ही ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इससे पहले जर्नल ऑफ द अमेरिकन जेरियाट्रिक्स सोसाइटी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, कम सोने वाले लोगों का मस्तिष्क समय से पहले बूढ़ा होने लग जाता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने और इससे संबंधित बीमारियों के जोखिमों को कम करने के लिए नींद को सुधारने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'अवतार' की जादुई दुनिया का ट्रेलर हुआ रिलीज, खत्म हुआ फैंस का इंतजार



'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसने इस फ्रैंचाइजी के फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज हो रही है। जेम्स कैमरून एक बार फिर अपने दर्शकों को उस जादुई और रहस्यमयी दुनिया में ले जा रहे हैं जिसने साल 2009 से अब तक सिनेमा के इतिहास में कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। 'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसके साथ ही पेंडोरा की धरती पर संघर्ष की लपटें और तेज होती दिख रही हैं। इस बार कहानी और गहरी है और दर्द भी ज्यादा नजर आ रहा है। सुली परिवार अपने बड़े बेटे नेतेयाम की मौत का गम झेल रहा है। परिवार के इस दर्द के बीच पेंडोरा पर एक नई चुनौती खड़ी होती है—ऐश पीपल नाम की नई नावी जनजाति। इस जनजाति की अगुवाई वरांग कर रही हैं, जिसका किरदार ऊना चैपलिन निभा रही हैं। ये समूह बेहद आक्रामक है और पेंडोरा पर एक नई तरह का तनाव पैदा करता है। फिल्म का निर्देशन और लेखन जेम्स कैमरून ने रिक जाफा और अमांडा सिल्वर के साथ मिलकर किया है। इसमें जोश फ्रीडमैन और शेन सालर्नो ने भी कहानी को आकार दिया है। दर्शकों को एक बार फिर जेक सुली और नेयतिरी की जोड़ी देखने को मिलेगी, जिनकी भूमिकाओं में सैम वर्थिंगटन और जोई सलदाना हैं। इस बार सिर्फ विजुअल्स ही नहीं, बल्कि भावनाएं भी ज्यादा तीव्र होंगी। नेतेयाम की मौत से टूटा हुआ सुली परिवार और पेंडोरा पर बढ़ता तनाव- यही फिल्म की थीम बताई जा रही है।

## टॉलीवुड

### रवि तेजा की 'मास जथारा' की रिलीज इसी महीने, मेकर्स ने शेयर किया पोस्टर



निर्देशक भानु बोगावरापु की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मास जथारा' के निर्माताओं ने आज बुधवार को फिल्म की रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस खुशखबरी से रवि तेजा के फैंस बेहद खुश हैं। साउथ एक्टर रवि तेजा की आगामी फिल्म 'मास जथारा' की आज रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। जानिए सिनेमाघरों में कब देख सकेंगे रवि तेजा की एक्शन से भरपूर फिल्म 'मास जथारा'।

रवि तेजा ने आज अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'मास जथारा' से अपना एक शानदार पोस्टर शेयर किया और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। रवि तेजा ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है कि इंतजार लंबा हो गया है, लेकिन यह इसके लायक होगा। आइए, 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में जश्न मनाएं।'

निर्देशक भानु बोगावरापु की फिल्म 'मास जथारा' 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अभिनेता रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्माता, सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, '31 अक्टूबर से सिनेमाघरों में मास महाराज रवि तेजा के साथ धमाकेदार मनोरंजन शुरू!

फिल्म 'मास जथारा' में रवि तेजा के साथ अभिनेत्री श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं। सिनेमैटोग्राफी विधु अयन्ना और संपादन नवीन नूली ने किया है। सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बैनर तले बनी यह फिल्म श्रीकारा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। पहले यह 27 अगस्त को रिलीज होने वाली थी।

## बॉलीवुड

### तीसरा नॉर्थईस्ट इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल हुआ मुंबई में



फाइंड स्टूडियो की पहल तीसरा संस्करण नॉर्थईस्ट इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एनआईआईएफएफ) 2025 मुंबई के मेयर हॉल, जुहू में बड़े ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस आयोजन में भारत और विदेशों से आए दर्शकों ने हिस्सा लिया और नॉर्थईस्ट इंडिया की सांस्कृतिक समृद्धि और सिनेमा की उत्कृष्टता का आनंद लिया। संध्या की शुरुआत क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देते हुए हुई, इसके बाद एन.के. नागा द्वारा एक मधुर प्रस्तुति दी गई, जो नागालैंड के पुरस्कार विजेता कलाकार और उस्ताद बिस्मिल्ला खान युव पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं। इस की मेज़बानी एनआईआईएफएफ के अध्यक्ष मोहन दास, उपाध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी और सह संस्थापक शिराज़ हेनरी ने की। शिराज हेनरी मूल रूप से छत्तीसगढ़ भिलाई से हैं और विगत तीन दशक से फिल्म नगरी मुम्बई में सक्रिय हैं। इस साल के संस्करण में महिला फिल्म निर्माताओं पर विशेष ध्यान दिया गया, उनके योगदान को सम्मानित किया गया और क्षेत्र के उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया गया। नॉर्थईस्ट इंडिया के प्रमुख पुरस्कार विजेतांओं में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्मः तारीख–हिमज्योति तालुकदार, दूसरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्मः काइनखोल– सिंग पीयर्सन अनाल, सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म (जूरी पुरस्कार) आदि-दिबाकर पेगू, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक एमेच्योर– धीरज कश्यप, सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशकः ओथारेई-दिनेश नौरम सौरोकहाइबम, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता बोलोराम दास-तारीख, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रीः अनिंदिता रुद्राज-झंकार द मेलोडी ऑफ रेजोनेंस, सर्वश्रेष्ठ महिला फिल्म निर्माताः द क्राई ऑफ ए लाइफलेस -भवानी डोले ताहू शामिल हैं।

## नियॉन का जादू

## लाइफ स्टाइल



1980 के दौर के फैशन के जीवंत परिदृश्य में नियॉन रंग के कपड़े और एक्सेसरीज़ अपनी बोल्ड और आकर्षक उपस्थिति से सड़कों पर छा जाते थे। इस चलन में हॉट पिंक, इलेक्ट्रिक ब्लू, नियॉन ग्रीन और हाइलाइटर येलो जैसे फ्लोरोसेंट रंगों का इस्तेमाल किया गया, जिससे आउटफिट्स में रंगों की एक अनोखी चमक आ गई थी। अब यह चलन यूरोप के मुल्को में फिर से नजर आ रहा है।

# साटन ब्लाउज सिलवाते समय न करें ये गलतियां, लुक हो जाएगा खराब

साड़ी हो या लहंगा और या तो फिर शरारा आउटफिट। लगभग सभी के साथ आजकल ब्लाउज को स्टाइल किया जा रहा है। इसमें आपको कई डिजाइन व पैटर्न भी आसानी से मिल जाएंगे। वैसे तो आजकल आपको मार्केट में कई रेडीमेड ब्लाउज के डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे, परफेक्ट फिटिंग और मनचाहा डिजाइन के ब्लाउज को पहनने के लिए हम इसे सिलवाना ही पसंद करते हैं। आजकल साटन के ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। देखने में साटन का फैब्रिक बेहद क्लासी लुक देने में मदद करता है। कई बारी हमें फैब्रिक की जानकारी कम होने के कारण ब्लाउज सिलवाते समय हम कई छोटी-बड़ी गलतियां कर देते हैं, जिसका असर हमें बाद में नजर आता है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ ऐसे टिप्स जिनकी मदद से आप आसानी से साटन का ब्लाउज बनवा सकते हैं और अपने लुक को आकर्षक बना सकते हैं।




### ब्लाउज बनवाने के लिए फैब्रिक का चुनाव कैसे करें?

ब्लाउज के लिए आपको मार्केट में कई तरीके के अलग-अलग फैब्रिक मिल जाएंगे। इसी तरह से साटन का फैब्रिक भी कई तरीके का आता है और इन सभी की क्वालिटी भी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग होती है। बता दें कि जितना सस्ता या महंगा दाम फैब्रिक का होगा उतनी ही उसकी क्वालिटी में आपको बदलाव नजर आएगा। इसके लिए आप कोशिश करें कि पहले 2 से 3 दुकाने जाए और अलग-अलग तरह के साटन फैब्रिक देखें और आखिर में जाकर आप अपनी पसंद और बजट के हिसाब से फैब्रिक को फाइनल करें।

ब्लाउज की परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए क्या करें?

अक्सर हमारे ब्लाउज की फिटिंग बार-बार करने से भी परफेक्ट लुक नहीं आ पाती है। दरअसल ब्लाउज को सही फिटिंग देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप कोशिश करें कि ब्लाउज के अंदर कप्स का इस्तेमाल जरूर ही करें। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो कप्स के लिए पतले मटेरियल का इस्तेमाल करें।

# सूट पहनना है सीखना, तो जान लें नए दौर की स्टाइल



स्टाइल के मामले में बॉलीवुड-हॉलीवुड के कलाकार हमेशा कमाल ही नहीं, बल्कि धमाल भी करते रहते हैं। सूट उनके स्टाइल स्टेटमेंट का एक बड़ा हिस्सा होता है और उनके स्टाइलिंग आइडियाज की मदद से आपको जानना चाहिए कि स्टाइलिश ढंग से सूट कैसे पहनें।



### प्रिंट-ऑन-प्रिंट

प्रिंट-ऑन-प्रिंट लेयरिंग के साथ क्लासिक चेक एक जबरदस्त कांबिनेशन है। इसमें लाल और नीले रंग के सिंगल ब्रेस्टेड चेकर सूट के साथ उसी रंग की चेकर शर्ट का चुनाव अपने इस लुक के लिए किया गया है, जो आपकी पर्सनलिटी को निखारने में मदद करता है। लुक को पूरा करने और प्रिंट और कलर प्ले को ब्रेक करने के लिए सॉलिड टाई का विकल्प चुना जा सकता है।

### मोनोक्रोम

हाउंडस्टूथ सूट के साथ मोनोक्रोम लुक भी खूब जंचता हैं। इस लुक में फैब्रिक का टेक्सचर उभर कर सामने आता है। इसे वी-नेक की ग्रे और ब्लैक टी के ऊपर लेयर कर सकते है। कलर फैमिली को सेम रखने के लिए ब्लैक स्नीकर्स के साथ लुक को पूरा किया जा सकता है।

### ट्रेडिशनल रिवेम्पड

ब्लैक एंड व्हाइट सूट के साथ ट्रेडिशन लुक को एक कंटेमपरी अपडेट मिलता है। इस पावर-पैक आउटफिट के लिए ट्रिपल थ्रेट (प्रिंट-ऑन-प्रिंट-ऑन-प्रिंट) जबरदस्त है। गोल्ड-स्टडेड पेटेंट लैदर ब्रोग्स के साथ लुक को कंप्लीट किया जा सकता है, जो इस लुक में एक चमकदार फिनिशिंग टच जोड़ता है।

### क्लासिक पिनस्ट्रिप

फिलहाल के मौजूदा चलन 'सफेद सूट' और एक टाइमलेस क्लासिक पिनस्ट्रिप के साथ यह सफेद पिनस्ट्रिप सूट अपने आप में जबरदस्त है। इस लुक के लिए डबल ब्रेस्टेड जैकेट को ब्लैक टी के ऊपर बटन किया जा सकता है, जो एक बार फिर आपके मोनोक्रोम लुक को शानदार बनाने का काम करता है। काले जूते और अच्छी तरह से घुंघराले बालों के साथ, फ्यूचर के लिए इस लुक को बुकमार्क कर लें।

# चेहरे पर हैं डार्क स्पॉट तो इन्हें कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

काफी कोशिश करने के बाद भी अगर आपके चेहरे पर होने वाले दाग धब्बे कम नहीं हो रहे हैं तो इसके लिए आप एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।इसके लिए जरूरत है आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई करने की। डॉ. आंचल जो की एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं उन्होंने अपनी इस वीडियो में बताया कि आप किस तरीके से डार्क स्पॉट को कम कर सकती हैं। आप भी इनकी ब्यूटी से जुड़ी वीडियो देखने के लिए सोशल मीडिया पर फॉलो कर सकती हैं।

### स्किन को करें मॉइश्चराइज

अगर आपको डार्क स्पॉट से छुटकारा पाना है तो इसके लिए आप मॉइश्चराइजर लगाएं। अगर आप इसका इस्तेमाल अपनी स्किन पर रोजाना करेंगी तो आपको डार्क स्पॉट की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए आप चाहे तो घर पर रखी चीजों से भी स्किन को मॉइस्चराइज कर सकती हैं इसके लिए मलाई या फिर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को कम करना है तो इसके लिए आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि जब भी हम (चेहरे के दाग धब्बों के लिए इस्तेमाल करें मुल्तानी मिट्टी) धूप में निकलते हैं तो स्किन के डार्क स्पॉट ज्यादा नजर आते हैं। ऐसे में धूप की वजह से ये परेशानी ज्यादा न हो इसके लिए आपको सनस्क्रीन का इस्तेमाल धूप में निकलने से पहले जरूर करना चाहिए। इससे स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को हील होने में मदद मिलती है। सीरम का करें स्किन पर इस्तेमाल

# इन सिल्क साड़ी डिजाइन को वेडिंग फंक्शन में करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत

साड़ी का फैशन हमेशा एवरग्रीन रहता है। इसे त्योहारों में शादी में हर कोई पहनना पसंद करता है। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं कि जो रोजाना में भी इन्हें वियर करती हैं। लेकिन शादी के लिए कुछ अलग हटके साड़ी खरीदती हैं। इनको खरीदने का मकसद होता है। इस खास दिन पर सबसे अलग दिखना। ऐसे में आप सिल्क साड़ी के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें हर एक तरह के डिजाइन और फैब्रिक में साड़ी मिल जाएगी। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि इन्हें स्टाइल करने से आपका लुक ही बदल जाएगा। आप एक रॉयल लुक में नजर आएंगी। इसलिए आप यहां बताए गए ऑप्शन वाली साड़ियों को इस शादी सीजन में स्टाइल कर सकती हैं।

### बनारसी सिल्क साड़ी

वेडिंग सीजन की शॉपिंग करने के लिए आप मार्केट जा रही हैं तो इसके लिए आपको बनारसी सिल्क साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क साड़ी भी मिलेगी। जिसमें आप बड़ी बूटियों वाले डिजाइन वाली साड़ी या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आप रेड, ब्लू, पिंक और डबल शेड साड़ी खरीद सकती हैं। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज या फिर हाफ स्लीव्स ब्लाउज पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन आपको मार्केट में 2000 से 5000 के बीच मिल जाएगी।



## कार्नर न्यूज

## हर कोई चाहता है भीड़ में अलग नजर आना, खुद पर दें ज्यादा ध्यान

# त्यौहारों में ट्रेडिशनल लुक के लिए अपनाएं कुछ खास टिप्स, लोग करेंगे भरपूर तारीफ

फेस्टिवल में अक्सर हम सभी लोग ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यही वो दिन होते हैं जब लड़कियां सूट और साड़ी स्टाइल करना सबसे ज्यादा पसंद करती हैं। दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली की तैयारी है। ऐसे में आप ट्रेडिशनल लुक क्रिएट कर सकती हैं और खूबसूरत लग सकती हैं। इसके लिए बस आपको यहां बताए गए इन 3 खास टिप्स को ट्राई कर सकती हैं।

### ट्रेडिशनल आउटफिट करें वियर

दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली पर ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करने के लिए आप ट्रेडिशनल आउटफिट वियर कर सकती हैं। इसके लिए आप कॉटन व्हाइट और रेड कलर साड़ी, हैवी वर्क सिल्क साड़ी, सूट, या फिर बंगाली फेमस आउटफिट को भी वियर कर सकती हैं। ये दिखने में जितने ट्रेडिशनल होते हैं। स्टाइल करने में भी सबसे अच्छे लगते हैं। आप भी इन्हें वियर कर सकती हैं और ट्रेडिशनल तरीके से रेडी हो सकती हैं। ट्रेडिशनल लुक के लिए आप बंगाली स्टाइल में भी साड़ी वियर कर सकती हैं।



### ट्रेडिशनल ज्वेलरी करें वियर

दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली में आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। इसके लिए आपके कान की बालियां, हार, मांग टीका और हाथ फूल स्टाइल कर सकती हैं। ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ इस तरीके की एक्सेसरीज काफी अच्छी लगती हैं। आप भी इस बार इन्हें वियर करें। इससे आपको बेहद खूबसूरत नजर आएगी।

### मेकअप और हेयर स्टाइल

ट्रेडिशनल लुक को पूरा करने के लिए आप मेकअप और हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप बोल्ड आई मेकअप, न्यूड बेस और हेयर स्टाइल (साड़ी फैशन) में आप बन के साथ गजरा हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। लहंगा, साड़ी और सूट के साथ ये काफी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा आप चाहे तो ब्रेड हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं। आप चाहे तो ट्रेडिशनल हेयर एक्सेसरीज को भी लगाकर लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इन टिप्स को ट्राई करें और दुर्गा पूजा के बाद अब दीपावली के लिए ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करें। इसमें आप बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। इसके अलावा आप चाहे तो बंगाली लुक को क्रिएट कर सकती हैं वो भी काफी अच्छा लगता है। इसमें आप सबसे ज्यादा व्हाइट और रेड कलर चूज किया जाता है।

